Sir, as you are aware, the information technology is very important in this age. Even one per cent increase in telecom density may lead to 13 per cent increase in GDP. In Germany, in less than three years, 300 per cent growth had taken place by using Wireless in Local Loop technology, which our scientist, Dr. Jhunjhunwala can provide at one-third of the international price. What has happened in Argentina? In less than two years, they have

covered more areas by using this technology. Our scientists can do wonders. The United Kingdom is looking at us, the United States of America is looking at us and Germany, after a long time, has said that the Green Cards would be given to the Indian scientists, to the Indian software experts.

So, this Government is ruining the potential. This Government is hand in glove with the private operators. This Government is not following the correct path. In the name of New Telecom P olicy, they are ruining the potential. They are ruining the growth of this country. I oppose the Demands for Grants. I hope that the Minister will reply to the points I have raised during the course of my speech.

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** सभापति महोदय, दूर संचार विभाग की इस बहस में हिस्सा

लेते हुए मुझे खुशी हो रही है और हम आपको बधाई देते हैं कि आपने हमें बोलने का समय दिया। हमें खुशी इसलिए हो रही है कि इस विभाग के मंत्री पासवान जी हैं। वह इस विभाग में जो क्रांति लाने की योजना बना रहे हैं, मुझे लगता है कि बहुत कम दिनों में ही यह देश दुनिया के अन्य देशों की तुलना में अपना स्थान बनाएगा। यद्यपि इस विभाग में बहुत गति आई है, लेकिन अगर विश्व के अन्य देशों से तुलना की जाए तो हम अभी भी बहुत पीछे हैं और इस गति पर हमें संतोा नहीं करना चाहिए। हम पासवान जी से उम्मीद करते हैं, वह कर्मठ व्यक्ति हैं और विकास के कामों में रूचि भी लेते हैं। वह निश्चित तौर पर इसमें गति लाएंगे। इस विभाग में जो गांवों की तरफ इनका ध्यान है कि गांवों में हम क्रांति लाएंगे, हमें लगता है कि उसमें काफी बाधाएं हो रही हैं। उस बाधा का कारण हम तो यह मानते हैं कि इस विभाग में कुछ लोग अपने-अपने ग्रुप बना कर जमे हुए हैं। जैसे दिल्ली में सुनने को मिलता है कि कोई साऊथ इंडियन लॉबी है, कोई बंगाली लॉबी है और कोई पंजाबी लाबी है। लोग बहुत सी लॉबी बताते हैं। हम लोग बिहार में रहते थे तो सुनते थे, राजपूत है, ब्राह्मण है, यहां आकर बहुत सी लॉबी सुनने को मिलती हैं। इसका मतलब हम नहीं समझ पाते और यह लॉबी इन विभागों पर बहुत हावी है, खास कर भारत सरकार के मंत्रालयों पर बहुत हावी है। उनके सामने लोग कहते हैं कि जो मंत्री हिम्मत करके कुछ करने का प्रयास करता है, उस मंत्री की छुट्टी हो जाती है। पासवान जी, इस पर जरा आप ध्यान दीजिए कि वह कौन सी लॉबी है। उसे तोड़ दीजिए और उसे तोड़ने से हमें लगता है, जैसे लोग बताते हैं, लोगों के बीच में चर्चा सुनने को मिलती है कि लॉबी की वजह से विभाग के बहुत से धन की लूट भी होती है।

महोदय, हम पीएसी के सदस्य भी हैं, हम उन बिन्दुओं पर चर्चा करना नहीं चाहते हैं। पीएसी के प्रतिवेदन में बहुत सी बातें, जो संचार मंत्रालय के संबंध में आई हैं। उन्हें हमने बड़े गौर से देखा है। उन्हें देखने के बाद लगता है कि विभाग के जो पदाधिकारी हैं वे सही ढंग से काम नहीं कर पाते। कहीं-कहीं तो जिस मद में पैसा दिया जाता है वहां पैसा खर्च नहीं हो पाया और कहीं-कहीं पैसा आठ-नौ साल पहले दिया गया है, उसका कुछ हिस्सा वैसे ही पड़ा हुआ है, उसमें कोई गति नहीं आ पाई है। इसलिए इन सब बिन्दुओं पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है ताकि सरकार के पैसों का दुरुपयोग न हो सके। अभी ग्रामीण इलाकों में जो दूरभाा कनैक्शन की बात या टेलीफोन एक्सचेंज खोलने की बात बहुत जोरों से चर्चा में है और खुल भी रहे हैं। हम खास कर बिहार के विाय में पासवान जी आपसे बताएंगे, आप जानते ही हैं। आपका कौन सीजीएम है, हमें उसका नाम याद नहीं है। लोग कहते हैं कि उसकी वजह से बिहार में विकास की गति एकदम रूकी हुई है।

वह बड़ा गड़बड़ आदमी है। क्या गड़बड़ी करता है आप पता कीजिएगा। निचले स्तर के अधिकारी कहते हैं कि सी.जी.एम. के कारण बिहार में विकास की गति नहीं आ रही है। आप उसको हटाइये और जो आपके यहां अच्छा सीजीएम है उसको वहां ले जाइये, जिससे टेलीफोन के मामले में बिहार में भी विकास हो। हम लोगों को सरकार ने अधिकार दिया है कि हम ग्रामीण इलाकों में 50 टेलीफोन कंनेक्शन्स की अनुशंसा कर सकते हैं। लेकिन जब ज्यादा लोग ग्रामीण इलाकों में डिमांड करते हैं तो कभी-कभी हम आपके यहां से भी आकर अनुशंसा करा लेते हैं, उन्हें रिलीज करा लेते हैं। लेकिन आपकी तथा पूर्व मंत्री की अनुशंसा के बावजूद 5-6 महीनों के बाद भी छपरा टी.डी.एम. के जोन में अभी तक नहीं लग पाया है। आखिर इतनी गति धीमी क्यों है। जब हमें अधिकार दिया है तो प्राथमिकता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हें लगाया जाना चाहिए। लेकिन अगर उस प्राथमिकता में रिलीज के बाद भी 6-7 महीने का समय लगता है तो हम मानते हैं कि प्राथमिकता नाम की वहां कोई चीज नहीं रह गयी है। इसलिए हम चाहेंगे कि आप मजबूती से इस बात को देखिये कि जो आपके मंत्रालय से भी रिलीज हो रहे हैं वह सही समय पर क्यों नहीं लग रहे हैं। वह टेलीफोन सही समय पर लग जाएं, इसके लिए आप प्रयास कीजिए।

दूसरा, बिहार या अन्य प्रांतों के लिए जो आप पैसा भेजते हैं माटी खुदवाने और केबल बिछाने के लिए, उसमें बड़ा घपला हो रहा है। खुदाई करवाने के लिए एक विधि है। जैसे कहीं टेंडर होता है तो जो वहां अधिकारी टेंडर देने वाले होते हैं उनसे मिले हुए कुछ ठेकेदार होते हैं और मिलकर उस टेंडर को लेते हैं और पैसों का बंदरबांट होता है। जिसके कारण विकास सही ढंग से नहीं हो पाता है। कुछ दिनों के बाद आपका केबल खराब हो जाता है और सही ढंग से काम नहीं करता है।

टेलीफोन के जो आपने नये एक्सचेंज खोलने का काम किया है और पुराने के स्थान पर जो नये एक्सचेंज आप लगा रहे हैं उसमें भी बहुत गति नहीं आ रही है। आपने एक बार कहा था कि हम लोगों को बुलाकर आप एक बैठक इस विाय में करेंगे। मैं आपसे कहना चाहूंगा कि आप बिहार के बारे में मजबूती से दिलचस्पी लीजिए। मैं यह नहीं कहूंगा कि आपको दिलचस्पी नहीं है, लेकिन चूंकि बिहार एक पिछड़ा प्रदेश है और संसद में भी जब कभी बिहार के बारे में चर्चा चलती है तो इधर और उधर के सदस्य बिहार के पिछड़ेपन पर कटाक्ष करते हैं। जब आप सरकार में हैं तो आप बिहार को उस स्थान पर ले आइये जिससे बिहार कटाक्ष करने की वस्तु न रह जाये।

बिहार राजनीति में और शिक्षा में एक मार्गदर्शक रहा है, ऐसा धार्मिक ग्रंथ और इतिहास बताता है। लेकिन आज बिहार पर कटाक्ष कर दिया जाता है जिसे सुनकर हमें पीड़ा होती है। सभापति जी ने भी देखा होगा कि कभी-कभी हम भी चर्चा का विाय बन जाते हैं। इसलिए हम आपसे निवेदन करेंगे कि ग्रामीण इलाकों में दूरभाा कनेक्शन्स दिये जाये, आप इसका प्रयास करें।

आपका पोस्टल विभाग सुदूर गांव से जुड़ा हुआ है। लेकिन रामविलास जी, हम यह कहेंगे कि जितने सही ढंग से काम होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। कभी-कभी तो यह भी सुनने को मिला है जिसपर एक कहानी हम आपको सुना रहे हैं। पंजाब में मजदूरी कर रहे एक आदमी ने अपने घर एक चिट्ठी लिखी। चार साल बाद अपने घर जाकर वह मर गया और उसके मरने के सात साल के बाद वह चिट्ठी उसके घर पहुंची। उसकी बीवी वह चिट्ठी देखकर रोती थी। पंजाब से चलकर बिहार तक चिट्ठी के पहुंचने में इतना समय लग जाए, यह हमारी समझ में नहीं आता है।

आपने घोाणा की है कि तीन किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीण क्षेत्रों में आप नये डाकघर खोलेंगे। लेकिन कुछ इलाके प्राकृतिक परिस्थितियों से घिरे होते हैं, इसलिए उसमें दूरी को महत्व नहीं देना चाहिए। एक उदाहरण के लिए हमने एक पत्र आपको लिखा है।

हमने एक पत्र लिखा था। आपके पहले जो मंत्री थे उनके यहां भी पत्र लिखा था। सीवान जिले के दस्तूर थाना क्षेत्र में एक गांव गमछो है। वह अति पिछड़ी जाति की बस्ती है। वहां एक भी उच्च जाति का नहीं है। वह छपरा और सीवान जिले का बॉर्डर है। बीच से गोहारी नदी गुजरती है। वहां के लोगों के पास कोई साधन नहीं हैं। वहां के लोगों ने कई बार कहा और हमने पत्र भी लिखा। पत्र का इतना जवाब आ चुका है कि पत्र प्राप्त हुआ,आवश्यक कार्यवाई कर रहा हूं। पदाधिकारी जांच करने जाते हैं तो लगता है कि उनकी मानसिकता बन गई है कि यदि सांसद किसी बात को लिखें तो उसका नैगेटिव उत्तर देना है। ऐसे नहीं चल पाएगा। आप मजबूत आदमी हैं। अगर ऐसे नैगेटिव उत्तर देने की प्रक्रिया सरकार में चलती रहेगी तो वह अच्छी बात और परम्परा नहीं है। आप सुदूर इलाकों को दिखाइए।, जहां कोई साधन

नहीं हैं वहां डाकघर खुलवाइए। सारंग जिला जो गोपालगंज और छपरा जिले का बॉर्डर है, मैंने वहां के कोडरिया गांव के सम्बन्ध में भी पत्र लिखा था। वह एक तरफ गंडक की नहर से घिरा है और दूसरी तरफ गोहारी नदी से घिरा है, वहां डाकघर नहीं है। वहां के लोगों को कठिनाई है। आप इन जगहों को दिखाएं। जो इलाके अति पिछड़े हैं, आप वहां के लिए पर्याप्त व्यवस्था करिए।

आप नए-नए एक्सचेंज खोल रहे हैं और पुराने एक्सचेंज भी चल रहे हैं। आपके यहां जो डेली वेजिस पर कर्मचारी काम करते हैं, उनकी छंटनी बहुत बड़ी संख्या में हुई है। हमें जानकारी है कि टेलीफोन एक्सचेंज का रखरखाव कर्मचारियों के अभाव में नहीं हो रहा है। एक कर्मचारी का उदाहरण देकर मैंने आपको एक पत्र भी लिखा था। मुझे उसका नाम याद नहीं है। उसने सात बरस आपके यहां नौकरी की है। आपने उसे रखने का आदेश भी दे दिया था लेकिन अभी तक ऐसा कोई आदेश नहीं हुआ। मैंने वहां जाकर डी.ई.टी से पूछा भी था। मैंने उससे पूछा था कि सरकार का आदेश आया है तो इस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मुझे बताया गया कि एक कानून आपके विभाग में बना है कि मंत्री के आदेश से कुछ से कुछ नहीं होता और इसके लिए कानून बदलना पड़ेगा। वह डेली वेजिस का कर्मचारी था। आपके एक्सचेंजों का रख-रखाव और देखभाल नहीं हो पा रही है। एक कर्मचारी जिसने आपके यहां लगातार काम किया और आपने आदेश भी दिया। अगर ऐसी बात है तो यह एक दुखद घटना है। सात साल तक जिस कर्माचारी ने काम किया हो, उसे नौकरी पर रखना चाहिए। आप धन लगाकर इतना बड़ा एक्सचेंज खुलवाते हैं लेकिन वह कर्मचारियों के अभाव में बरबाद होता है। यह देश के लिए अच्छा नहीं है। आप ऐसी जगहों की देखभाल करवाइए। ऐसे कर्मचारी जिन्होंने आपके यहां काम किया, उन्हें रेगुलर नौकरी दीजिए।

सभापति महोदय, हम उम्मीद करते हैं और इस बात के लिए मंत्री जी को भरपूर दिल से बधाई देते हैं कि वे खास करके बिहरा के पिछड़े इलाकों की समीक्षा कराएंगे और बिहार में दूरभा और डाकघर की उचित व्यवस्था करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ आपको भी धन्यवाद देते हैं।

SHRI K.A. SANGTAM (NAGALAND): Mr. Speaker, Sir, I would like to thank you for giving me this opportunity to speak on the Demands for Grants of the Ministry of Communications. The earlier speakers have spoken a lot about the various policies and tie-ups with multinationals regarding telecommunications. I would just like to bring to the attention of the hon. Minister that in this 21st century, there has been a lot of improvement in the telecom sector. Technologies have been upgraded and all the countries of the world seem to have come closer to one another.

1631 hours (Shri P.H. Pandiyan *in the Chair)*

In this country also, because of the improvement and upgradation of the technology, all the States seem to have come closer to one another. But I would like to mention here that telecommunications system in the North-East still seems to be lagging behind and the teledensity today, which is 2.20 for the country as a whole, is only 0.92 for the North-East region, which is very very negligible. I think, if you compare the population and the area, the North-East region has still got a long way to go, as compared to the rest of the country. I would just like to quote one or two lines from the Tenth Report of the Standing Committee on Communications. It says:

> "The Telecom Policy 1994 had aimed at providing telephone on demand and also covering all the villages in the country with at least one Village Public Telephone by 1997. Subsequently the target date was postponed to 2000 AD and again to 2002 AD. "

Further it says:

> "Some of the more important objectives of the New Telecom Policy 1999 have been to provide universal service to all uncovered areas, including rural areas, to achieve a teledensity of seven per cent by 2005 and 15 per cent by 2010, to cover all villages by 2002."

Then, I would like to read out another few lines regarding North-East:

> "The Committee is highly concerned to note that for the North-East region, the target set for VPTs for the year 1999-2000 was 5000 whereas the achievement up to 29.2.2000 has been only 731."

I think if you look at these figures, there are some very very important aspects which the Ministry of Communications has to look into very carefully. I commit and admit that there has been some disturbance. There is no doubt about that. But taking into consideration that in a State like Nagaland, ever since the telecommunications came to being, out of three posts of SDOs, there is not a single SDO till today; out of 15 sanctioned posts of STEs, only six STEs are there; and out of 33 posts of JTOs, only 19 are in position. With regard to the General Manager's post, which was created in the month of June last year, the officer is yet to report to the post. Till today he has not come to report. Looking at this very picture, I think whichever officer has to be posted, should be posted immediately. The General Manager, who is a responsible officer and who is supposed to be giving orders and looking to the various projects, should also be posted immediately. Right from the beginning, there has been only one Chief General Manager posted in Shillong and he has to cover six States in the North-East, namely, Mizoram, Tripura, Arunachal Pradesh, Manipur, Nagaland and Meghalaya. As one of the speakers from my party said earlier − he was a Union Minister also − the area was bifurcated and they created one Chief General Manager's post for Assam also.

The Chief General Manager who is stationed in Shillong has to cover wide areas of six States. These States are small States but they are equivalent to any other State in categorywise these North East States are equivalent to bigger States like Gujarat, Maharashtra, U.P., Bihar and so on. The distance to be covered by this Chief General

Manager from one end to the other end is more than five to six hundred kilometres. Considering the difficult terrain, I think there needs to be another post of Chief General Manager created for which we can give the nomenclature as Chief General Manager, North-East-I who will have the headquarters, as before, at Shillong and will look after Mizoram, Tripura and Meghalaya. The second Chief General Manager can look after the States of Nagaland, Manipur and Arunachal Pradesh. His headquarters can be kept at Dimapur as Arunachal Pradesh happens to be on the north of Nagaland and Manipur happens to be on the south of Nagaland.

Shillong, being the old Capital of Assam and Meghalaya, and sometimes we call the Capital of the North-East also, can still continue to look after Mizoram, Tripura and Meghalaya. That way, whatever we have just read out we can achieve it. Otherwise we cannot achieve the target. Otherwise, it will just remain a dream. It is because till today the Chief General Manager is not able to cover, in one year, some of the States which are under him. This is a very pathetic state of affairs there.

I am talking only about one aspect of one State. There are other States like Mizoram, Arunachal Pradesh etc. where the road communication is so bad that some officers have to travel for days together to reach a particular spot.

Therefore, I think, we should now look back to this kind of problems which are faced by the Department. We are now talking about the Internet, Video conferencing, E-Mail etc. It seems that we do not have such infrastructure in the North-East. Whatever we are now using is taken from Kolkatta through Guwahati. If one is fortunate to browse in the Internet, it takes three to four hours! It is wastage of a lot of time. The channels are very very few. Therefore, I would request the Minister that when they have so much of money in the non-lapsable ten per cent North East package of the Prime Minister, I think that money could be utilsied to put up one antenna to tap the Internet service through the satellite and give that exclusive swrvice for the entire North-East.

There are few other things which I would like to also point out. Many of the officers who are serving in the North-East, do not have proper accommodation and do not have proper quarters. Sometimes the buildings are not available. Sometimes the exchanges are put up in the rented buildings. I think that with this non-lapsable fund that we have, we should be able to construct more buildings for the staff as well as for the exchanges.

There are a few cases of very serious matters of malpractice which have been brought to the attention of some of the M.Ps. I believe that some M.Ps. have already drawn the attention of the Ministry to this aspect that there is an exchange near Moran in Dibrugarh district, Assam where some of the telecommunication officials are involved in getting connection from even Mumbai, Kolkatta etc. to put to ISD. I think that matter has come to your notice and therefore, a proper enquiry should be held. Crores and crores of rupees have been lost. It is a very serious breach of rules. This is a grave concern which the Government should look into very seriously.

There are other aspects also which I want to tell you concerning the six other States. Assam also has an important part to play. Most of our transactions and business are through Assam − whether it is Mizoram, Manipur, Nagaland, Arunachal Pradesh, Tripura and Meghalaya for that matter. So, the telecommunication facilities in Assam need to be backed up properly.

Then, we have the international trade centres which have been now earmarked in various places in Manipur, Nagaland and Meghalaya. These will play a very important role in the near future. Unless we take proper measure right from the beginning, people from across the border like from Myanmar, Bangladesh etc. would not be interested to come because today most of the business is done through telecommunications system and the present system that we have may not suit their taste

Therefore, I would like to make a suggestion that places like in Manipur where we have the very important trade centre should be well- developed. Recently we have three trade centres opened in Nagaland at Pongro, Pangscha and one other centre which is near the border, at Longwa.

I think, these telephone exchanges should be immediately installed to give a boost to the international trade centres because we have a lot of potential just across the international border. They can bring in teak, they can bring in precious stones and for that, they need international connectivity. Unless you provide telephone connections, there is no point in having these international trade centres.

Coming back to our Postal Department, the postal services actually came even before Independence in the North-East. Today, a lot of improvement has been made but much has to be done because most of the buildings, in remote places in Arunachal Pradesh, Manipur, Nagaland and Meghalaya are rented buildings and we do not have the buildings which are owned by the Department.

I am told that last year, there was a surrender of Rs. 3 crore from the Prime Minister's ten per cent non-lapsable fund. I think, the money which has been kept for such North-East projects can be utilised. Not only that, we can also go in for motor van which carries mail and it will enable mail to reach from one to another faster. There are a lot of

places where this needs to be done but they have not been covered so far. In Nagaland, recently the motor van was introduced, but there are interior places like Kiphire, Mon, Tuensung,Wokha, Zunehboto and Tenning which are not accessible and the letter which is posted from Delhi takes nearly two to three weeks to reach. If the Department can introduce these motor vans, it will shorten the time and the mails can be delivered within one week and people can receive their letters and parcels in time.

Another aspect is of computerisation. Many parents, who have their children studying all over the country, send money orders to them from home to the place of study and it takes their children months together to get the amount. So, if computers can be put into these post offices, the EMS can be introduced and money can be delivered within the shortest possible time.

The same thing goes to our postal service regarding the officers posted there. They are working very hard, but since they have an office in Shillong, it is very difficult for the Chief Post Master General to visit all over the six States. Therefore, I would suggest that one more office of Chief Post Master General be opened in Dimapur to cover Manipur, Arunachal Pradesh and Nagaland.

Then, it is very sad that during the tenure of Shrimati Sushma Swaraj as the Minister of Communications, the post of the Chief General Manager was transferred to Delhi to accommodate somebody at Delhi and the incumbent has not been posted back till date. Instead of upgrading it and opening more post offices, it seems that the leaders in Delhi seem converging to Delhi. Even if someone wants to accommodate somebody in Delhi, the post should not have been brought to Delhi. So, I think, this is a very serious matter and I would like the hon. Minister to look into it.

SHRI RAM VILAS PASWAN: From which place has the post of Chief General Manager been brought?

SHRI K.A. SANGTAM: It has been brought from Shillong to Delhi.

SHRI RAM VILAS PASWAN : The orders regarding the post of CGM have been issued.

SHRI K.A. SANGTAM : But that was there earlier before you assumed office.

SHRI RAM VILAS PASWAN: Your first point is that you want one post of CGM in Nagaland.

SHRI K.A. SANGTAM: Yes.

SHRI RAM VILAS PASWAN: Your another point is that the CGM is not working at Shillong.

SHRI K.A. SANGTAM : Yes. The post of Chief General Manager was brought to Delhi and the man who came here was given the rank of Additional Secretary.

SHRI RAM VILAS PASWAN: From where was he brought?

SHRI K.A. SANGTAM: He was brought from Shillong. The same officer who was brought to Delhi was given the rank of Additional Secretary and was posted in Delhi. But if you have issued the orders reverting it back, I thank you for that.

SHRI RAM VILAS PASWAN: No, I can tell with full responsibility that the posts both of CGM and PMG are there at Shillong and Shri Chitley has been posted there.

SHRI K.A. SANGTAM ): Before you came, this post had been transferred along with the officer holding it, which was not correct.

SHRI RAM VILAS PASWAN: I will look into it.

SHRI K.A. SANGTAM): Therefore, to look after these States, let the Chief Post Master General be in Shillong; for the other three States, let the Chief Post Master General be at Dimapur. This is the suggestion that I would like to make.

The ten per cent amount that has been kept as a non-lapsable fund should be utilised for constructing more buildings in the North-East, particularly in the interior places, besides post offices, staff quarters and even boundary walls around the Government land to protect the property because there are reports that there is a lot of encroachment by the public. This money can be used for preventing the encroachments. Thank you.

**श्री सुबोध मोहिते (रामटेक) :** सभापति जी, मैंने यहां पर चार-पांच भाषण सुने। They have repeated some points like providing

exchanges, post offices, corruption in tenders, transfer of officers, contracts being given to a particular lobby, scams, scandals etc. Everywhere, there is corruption right from top to bottom, and that is the universal truth. I do not want to discuss this matter in this august House. मैं जो भी बात करूंगा, that will be of national interest. जैसा हम बोलते हैं कि, Telecommunications is a huge Department. It is the fourth mode of transportation -- the first mode is air, the second is water, and the third is the road. जब हम बोल रहे हैं कि, it is the fastest way of transportation. It is a big subject. I will only talk on three points. My discussion will be very typical and that will be on three points. The first point is about the Indian Telegraph Act; the second point is about the TRAI; the third point is about the revenue sharing policy, and the fourth point is about reduction of cost of mobile telephones. मैं आपका ध्यान एक स्लोगन की तरफ आकर्ति करना चाहता हूं। जब मैं दिल्ली में घूमता हूं तो किसी भी बस के ऊपर या एडवर्टाइज बोर्ड में एक स्लोगन लिखा होता है कि "MTNL is the life-line of Delhi". जब हम लाइफ लाइन की बात करते हैं तो जिसे हम हिन्दी में जीवन रेखा बोलते हैं, जीवन रेखा का मतलब यह होता है कि यदि एक बार जीवन मिट जाये या मौत आ जाये तो फिर जीवन नहीं मिलता। लेकिन एम.टी.एन.एल. की तरफ से जो स्लोगन दिखाया जा रहा है, is it the ground reality? इसे जीवन रेखा बोलते हैं, यह एम.टी.एन.एल. की लाइफ लाइन है, वह ग्राउंड रियेल्टी नहीं है क्योंकि यह बार-बार बंद होता है। एम.टी.एन.एल. की जो जान है, टेलीफोन का साउंड है, वह बार-बार बंद होता है। इसलिए यह जो स्लोगन है "MTNL is the life-line of Delhi", मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि बार-बार उसकी लाइन बंद हो जाती है। मैं कोई भी बात बोलूंगा, लॉजिक के साथ बोलूंगा। I will quote one example from Delhi itself. Telecommunications is a vital supporting system in the Bikaji Cama Place. In the month of March, for fifteen days continuously, nearly 1500 telephones were dead. जो स्लोगन दिखाया जा रहा है, जो लाइफ लाइन शब्द यूज किया जा रहा है, उसको थोड़ा इम्प्रूव करने की जरूरत है, ऐसा मैं समझता हूं। दुख की बात यह है कि बीकाजी कॉमा के जो कंसर्न्ड जी.एम. थे, उन्होंने इस बात का कोई काग्नीजैंस नहीं लिया। फॅ

उन्होंने जनता की शिकायतें सुनने का कभी कोई प्रयास नहीं किया। No attempt has been made by the General Manager of the Bhikaji Cama Place area. मैं सोच और समझ सकता हूं कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, क्योंकि उनको 60 साल तक तनख्वाह मिलनी है। मैं पासवान जी से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे पास एक लैटर है, जो मैंने जनवरी को लिखा था, जिसमें मैंने कुछ जानकारी मांगी थी, लेकिन मुझे आज तक उसका जवाब नहीं मिला। यहां तक कि यह जवाब भी नहीं मिला कि इसको हम एक्जामिन करा रहे हैं। इस पत्र की कापी मैं सदन के माध्यम से उनको देना चाहता हूं।

सभापति महोदय, मैं दो-तीन बिन्दुओं की ओर आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करूंगा। इसमें प्रस्तावना पहला मुद्दा है। मैं कुछ इस बारे में फैक्ट्स और फिगर्स देना चाहूंगा, जिन पर विचार करने के साथ-साथ निर्णय होना भी राट्र हित में आवश्यक है। इंडियन टेलीग्राफ एक्ट अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा है। वे अपनी गलती हिन्दुस्तानियों पर लादकर चले गए। यह एक्ट 1885 में बना था अर्थात 125 साल पहले इस एक्ट का फार्मेशन हुआ था। अंग्रेज तो चले गए, लेकिन हमारे सिर पर इस एक्ट को रख गए। Act gives the basic concept to work on. It is the take off point, the starting point. अगर हवाई जहाज का रनवे ठीक न हो तो वह टेकअप नहीं ले सकता। उसी प्रकार से इस एक्ट की बात है। जो 125 साल पुराना एक्ट है और जो टेलीकॉम प्रेक्टिस और टेलीकॉम पालिसी है, अगर तुलना की जाए तो यह एक्ट आउटडेटेड हे। इसका मतलब जो लीगल कम्पल्शन बने हुए हैं, वे इस एक्ट के प्रोविजन होने से लागू नहीं हो पाते और यूजर्स लूजर्स हो रहे हैं। That is also due to the inadequate provisions made in the Act which was enacted in 1885. इस एक्ट में काफी संशोधन हुए हैं, लेकिन केवल संशोधनों से काम नहीं चलेगा। इसलिए मैं पासवान जी से विनती करना चाहूंगा कि जो यह 1885 का एक्ट बना है, यह बदलना होगा। आज हम ग्लोबल तकनीक की बात कर रहे हैं। नया एक्ट डिजीटल टेक्नोलॉजी के आधार पर बनाना चाहिए। जैसे संविधान बचाओ रैली निकालो का नारा कुछ लोग देते हैं तो संविधान बचाने के लिए रैली निकालने से कोई फायदा नहीं है। इसलिए इस पर गम्भीरता से मंत्री जी विचार करें।

मेरा दूसरा पाइंट TRAI है। अभी पूर्व वक्ता ने बहुत अच्छी बात कही कि TRAI तो ट्राई हो गई है। TRAI की स्थापना 1997 में हुई थी। मजे की बात यह है कि यह फंक्शनिंग में आने से पहले ही इसमें स्पलिट हो गया। TRAI was formed in 1997 and within a span of three years it has been split in two parts- TRAI and the Settlement Tribunal. मेरा सवाल यह है कि जब टेलीकॉम विभाग ने 1997 में TRAI की स्थापना की, What was the necessity to split TRAI in two within such a short span? ठीक है आपने कर दिया, यह जो निर्णय लेना था यह पहले क्यों नहीं सोचा और उसी समय क्यों नहीं किया। तीन साल पहले जो स्ट्रेटेजी कायम की, उस समय क्यों नहीं किया। इसमें संसद का काफी समय गया और इसके ऊपर जो खर्च हुआ वह बेकार गया। सबसे बड़ी बात है कि जो यूजर्स का बेनिफिट है, वह भी उनको नहीं मिल रहा है। मैं कोई टीका नहीं करना चाहता हूं, लेकिन there is no vision in the policy of telecommunications.

This was a major decision taken three years ago.My third point is on licence fee and revenue-sharing fee. यह एकदम हॉट मुद्दा है। काफी गंभीर मुद्दा है। सबसे पहले मैं जगमोहन जी को धन्यवाद देना चाहूंगा। अभी वह यहां बैठे थे, अभी उठकर चले गये हैं। वह बधाई के पात्र हैं। मैंने उनके टाइम की परफॉर्मेंस पढ़ी है। उनकी एप्रोच अच्छी थी।His approach was a very positive approach and his overall control was a very good control. जो क्लेम्स सैटिल किये हैं और जो रेवेन्यू रिसीप्ट आने वाली थी,The recovery of revenue receipt was the major achievement at the time of Shri Jag Mohan. I am very thankful to Shri Jag Mohan.मैं भााण नहीं करना चाहता लेकिन रेवेन्यू और लाइसेंसिंग पॉलिसी के कुछ सवाल मैं आपके समक्ष रखना चाहता हूं। मेरा पहला सवाल है कि रेवेन्यू शेयरिंग पॉलिसी एडॉप्ट करने के मापदंड क्या हैं ?What are the norms to accept the revenue-sharing policy? मेरा दूसरा सवाल है कि क्या प्राइवेट ऑपरेटर्स का इस पॉलिसी के एडॉप्ट करने पर सरकार के ऊपर दबाव था ? यह पॉलिसी एडॉप्ट करने पर प्राइवेट ऑपरेटर्स को कितना फायदा होगा तथा सरकार को कितना नुकसान होगा ? क्या आपने इस बारे में एनेलिसिस की है ? जो कंपनी लॉस मेकिंग होगी तो उसका फिक्स रेवेन्यू सरकार को कैसे आएगा, उसकी गारंटी सरकार ने कैसे तय की है ?How is the Government controlling the schemes like the pre-paid card scheme? जो प्रीपेड कार्ड है, जिसका कोई एकाउंट नहीं होता है,फेयर रेवेन्यू डिक्लेरेशन के चांसेस कितने हैं ? आप उनका ऑडिट कर रहे हैं लेकिन प्राइवेट ऑपरेटर्स को टाइम टू टाइम चेज करने के लिए, बैलेंसेज देखने के लिए, मोनिटरिंग और कंट्रोल के लिए आपके क्या मैजर्स हैं ?What measures have you taken for monitoring and controlling revenue from the private operators? जो डिफॉल्टर्स हैं, जैसे दो या ढ़ाई हजार डिफॉल्टर्स हैं, उनकी विद इंटरेस्ट रिकवरी करने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं ?What steps is the Government taking to recover the dues with interest? मेरा आठवां प्वाइंट है कि जो डिफॉल्टर्स हैं, उनके लाइसेंस केंसिल कर दिये गये। कमेटी की रिपोर्ट में दिया गया है लेकिन जो दो ऑपरेटर्स हैं, एक का लाइसेंस केंसिल कर दिया गया। उसकी मोनोपली रोकने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं ?This means, there is only one operator. आप नेशनल लैवल की बात कर रहे हैं। कारगिल वॉर करते हैं, पैसा खर्च करते हैं लेकिन यह सब

करते हुए हम अपनी नज़र में गिर रहे हैं, इसके बारे में भी सोचना ज़रूरी है।I am talking of the three Ps − the Popular Public Perception.पब्लिक का परसेप्शन क्या है, यह जानना भी ज़रूरी है। मैं सदन से विनती करता हूं कि जो भी पॉलिसी एडॉप्ट करिए, उसमें पब्लिक के इंटरेस्ट को डिनाइ करके पॉलिसी एडॉप्ट नहीं कर सकते, इसलिए टेलीकम्युनिकेशन विभाग को व्हाइट पेपर निकालना चाहिए ताकि कम्युनिकेशन पर फेयर पॉलिसी हो सके। एम.टी.एन.एल. ने मोबॉइल दिया है।

MR. CHAIRMAN (SHRI P.H. PANDIYAN): You finish your speech. You have already taken much time.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): He is making very good points. ...(*Interruptions*)

को टाइम टू टाइम चेज करने के लिए, बैलेंसेज देखने के लिए, मोनिटरिंग और कंट्रोल के लिए आपके क्या मैज़र्स हैं ?What measures have you taken for monitoring and controlling revenue from the private operators? जो डिफॉल्टर्स हैं, जैसे दो या ढ़ाई हजार डिफॉल्टर्स हैं, उनकी विद इंटरेस्ट रिकवरी करने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं ?What steps is the Government taking to recover the dues with interest? मेरा आठवां प्वाइंट है कि जो डिफॉल्टर्स हैं, उनके लाइसेंस कैंसिल कर दिये गये। कमेटी की रिपोर्ट में दिया गया है लेकिन जो दो ऑपरेटर्स हैं, एक का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया। उसकी मोनोपली रोकने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं ?This means, there is only one operator. आप नेशनल लैवल की बात कर रहे हैं। कारगिल वॉर करते हैं, पैसा खर्च करते हैं लेकिन यह सब करते हुए हम अपनी नज़र में गिर रहे हैं, इसके बारे में भी सोचना ज़रूरी है।I am talking of the three Ps − the Popular Public Perception.पब्लिक का परसेप्शन क्या है, यह जानना भी ज़रूरी है। मैं सदन से विनती करता हूं कि जो भी पॉलिसी एडॉप्ट करिए, उसमें पब्लिक के इंटरेस्ट को डिनाइ करके पॉलिसी एडॉप्ट नहीं कर सकते, इसलिए टेलीकम्युनिकेशन विभाग को व्हाइट पेपर निकालना चाहिए ताकि कम्युनिकेशन पर फेयर पॉलिसी हो सके। एम.टी.एन.एल. ने मोबॉइल दिया है।

MR. CHAIRMAN (SHRI P.H. PANDIYAN): You finish your speech. You have already taken much time.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): He is making very good points. ...(*Interruptions*)

17.00 hrs.

**श्री सुबोध मोहिते :** एमटीएनएल ने अभी-अभी एक स्कीम लाँच की है, जिसे हम एमटीएनएल लूप मोबाइल फोन बोलते हैं। उसके अंदर सिम कार्ड नहीं है, जिसका रेट 1 रुपए 40 पैसे तीन मिनट के लिए है। However, the rate of the parallel instrument that we are having, that is of BPL-AT&T is Rs.4. मेरा सवाल पासवान जी से यह है कि 1 रुपए 40 पैसे और चार रुपए का अंतर क्यों है। मैं इसका उत्तर भी देना चाहूंगा। यह इसलिए है क्योंकि सर्विस का जो सिस्टम है, That is divided into two parts. One is the fixed asset, what we call, the network system and the second is the services. एमटीएनएल ने 1 रुपए 40 पैसे में इसलिए दिया है, They are having the existing asset and they are having the network. They are only giving additional services to the consumers. On the contrary, private mobile owners have to fix the assets; and that is why, the rates are higher. मैं इनको बढ़ावा नहीं दे रहा हूं, लेकिन एमटीएनएल का रेट और प्राइवेट ऑपरेटर्स का रेट पैरलल लाने के लिए मेरा केवल सजेशन है और वह यह है कि अगर दो ऑपरेटर दिल्ली में काम कर रहे हैं और उनका रेट चार-चार रुपए है, वे दोनों ऑपरेटर्स अपनी-अपनी ऑप्टीकल फाइबर केबल डाल रहे हैं तो गवर्नमेंट को ऐसे स्टेप लेने चाहिए ताकि दोनों का ज्वाइंट वेंचर करके, दोनों का एक ही केबल हो,यानी केपेसिटी यूटिलाइजेशन दोनों को क्लब करनी है। The rate, for what we call the Inter-city cable, would be reduced to 50 per cent.

There is one more suggestion from my side. Whatever bandwidth we are providing to private operators is 900 GSM, which has to be increased to 1800. It would be wider than what we are providing now.

I will conclude within a minute.

We are talking loudly of information technology. But I will say that communication is the fourth mode of transportation. यह हवाई जहाज से भी फास्ट है। अगर हम मुंबई में हवाई जहाज में बैठें तो उससे पहले हम मैसेज दे सकते हैं। It is the prime mode of transportation. The success of the Indian economy is determined by Telecommunication Department only. This is the theme. If we want to improve our economy, then, Telecommunication Department is the only Department, which can do that. But to do that, we have to develop certain ideas.

मैं पासवान जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने जो स्कीम शुरू की है, उसे रूरल ऐरिया तक ले जाने की कोशिश करे। आप गरीबों के पास जा रहे हैं, लेकिन गरीबों की बात सुनने के लिए नहीं जा रहे। अगर कोई गरीब की मां है , उसकी बेटी शहर में जाए और बेटी मां को बोले कि तुम कैसी हो, That is not the proper use of telephone. We are having utility of telephone to connect villages, to the urban areas by way of Internet. I am from rural area. मैं उदाहरण के साथ बता सकता हूं। अगर मेरे गांव में फोन आ गया और मेरा बच्चा शहर में पढ़ता है तो मैं पूछूंगा कि बेटे तुम कैसे हो, तो यह फोन का प्रोपर यूज़ नहीं है। अगर आप मेरे गांव को इंटरनेट से जोड़ दें और मेरे खेत में तो संतरा होता है, वहां अगर हम 50 रुपए में सौ के हिसाब से बेचते हैं और मुझे इंटरनेट के माध्यम से पता चलता है कि दिल्ली में रेट हजार रुपए है, That will be the proper use of Telecommunication Department. To do all these things, the Government has to have some ideas and some technologies.

मुझे पासवान जी से काफी आशा है, वह बड़े डायनेमिक परसन हैं। मैं काफी उम्मीदों के साथ रिजल्ट देखने की तैयारी करते हुए, उन्हें नमस्कार करते हुए अपना भाषण समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** महोदय, संचार मंत्री जी ने एक पत्र हमें दिया था, हमें लगता है कि सभी सदस्यों को दिया होगा कि सेलुलर फोन ले लीजिए। उसके लिए फार्म भी मिला है।

हम ब्ड़े खुश हुए। हम देखते हैं कि सेलूलर फोन से लोग किसी से भी बात कर लेते हैं। लेकिन हमें पता लगा कि इसका 10 हजार रुप्या लगेगा, लेकिन हम कहां से देंगे? कानून में हमें मुप्त में टेलीफोन मिलने की बात है। यह कानून उस जमाने से बना हुआ है जब से टेलीफोन लगा है। इसलिए सेलूलर फोन भी हमें मुफ्त में मिलना चाहिए। â€¦( व्यवधान)

**श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) :** आपको वेतन मिलता है तब फ्री में क्यों मांगते हो।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) :** वेतन रोटी के लिए मिलता है। जो अपने से खरीद सकते हैं वे खरीद लें, लेकिन जो नहीं खरीद सकते हैं उनको मुफ्त में मिलना चाहिए। इसका फायदा यह होगा कि अगर गरीब आदमी कहेगा कि हमको यह कठिनाई है तो हम उसी वक्त क्लैक्टर को या मंत्री को सेलूलर फोन लगाकर कह सकते हैं और मामले का तुरंत समाधान हो जायेगा। इसका बहुत उपयोग है। इसलिए कानून में ऐसा सुधार करें जिससे यह 10 हजार रुप्या न लगे। â€¦( व्यवधान) पहले गांव में इसकी रूचि नहीं थी लेकिन अब सब समझ गये हैं कि यह काम की चीज है, इसलिए इसकी ब्ड़ी मांग है। सब लोग सांसद कोटे से टेलीफोन लगवाने के लिए कहते हैं। चार-पांच वर्ा से लोग पैसा जमा किये हुए हैं। सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, वैशाली और अररिया। सीतामढ़ी में 1993 में जिन्होंने टेलीफोन के लिए पैसा जमा कराया था उन्हें अभी तक टेलीफोन नहीं मिला है। वैशाली में 1994 से टेलीफोन नहीं मिला है। वहां आठ संसदीय क्षेत्रों में से 6 माननीय संचार मंत्री और दो हमारी हैं। मुजफ्फरपुर जिले में 1995 से टेलीफोन लम्बित हैं। हमें संख्या तो याद नहीं है लेकिन संख्या कुछ सौ में जरूर है। माननीय संचार मंत्री जी उत्तर देते हुए कहते हैं कि मैं तुरंत गांव में टेलीफोन लगवा दूंगा, लेकिन जब उत्तर आता है तो पता चलता है कि कहीं न कहीं पेंच है। हमने जब इसके बारे में पूछा तो हमें बताया गया कि सामान और उपकरण ही नहीं हैं। वे नहीं होंगे तो कैसे काम चलेगा?

**श्री राम विलास पासवान :** मैं पूरे सदन से कहना चाहता हूं कि इसी बारे में हमारे महाराट्र के साथी आये थे। उनकी भी यही शिकायत थी। मैंने उनको संबंधित अधिकारी के सामने बैठाया। यदि कोई भी पदाधिकारी यह कहता है कि हमारे पास सामान, उपकरण या पैसे की कमी है तो उस पदाधिकारी का नाम हमें दीजिएगा, हम उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करेंगे।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** इसका मतलब यह है कि अधिकारी लोग बरगलाते हैं। टेलीफोन के लिए पहले तो एक हजार रुप्या जमा करना होता था लेकिन अब तो कहीं-कहीं पर ढाई या तीन हजार रुप्या भी हो गया है।

**श्री राम विलास पासवान :** जहां-जहां जो रेट्स होते हैं उन रेट्स के हिसाब से हमारे पास

वेटिंग-लिस्ट कम होने लगती है, जैसे आंध्र प्रदेश में है।

20 हजार पर वेटिंग लिस्ट आ गई, 6 हजार पर आ गई। वहां हम लोग रजिस्ट्रेशन फी में कटौती कर देते हैं, आधा कर देते हैं। इससे वेटिंग लिस्ट बढ़ जाती है। वह एकाएक 6 लाख बढ़ गई। उड़ीसा में बिहू में 50 परसैंट कर दिया। गुड फ्राइडे के अवसर पर पूरे के पूरे नॉर्थ ईस्ट में कर दिया, बनारस, कलकत्ता और आन्ध्रप्रदेश में कर दिया था। कभी-कभी हम लोग किसी ऑकेजन पर 50 परसैंट कर देते हैं और कभी-कभी बढ़ाते भी हैं।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंहः** शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में क्या हुआ है?

**श्री राम विलास पासवानः** जब किया जाता है तो पूरे एरिया के लिए किया जाता है। उसमें शहरी और देहाती क्षेत्र का सवाल नहीं है। कभी-कभी अलग-अलग एरिया में किया जाता है।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंहः** बिहार टेलीफोन के मामले में बहुत पीछे है। मुझे नहीं लगता कि देश के पैमाने पर उसका क्या स्थान है? हमने बिहार के कई क्षेत्रों का दौरा किया। हमें लगा कि वहां प्रतीक्षा सूची बहुत ब्ड़ी है।

**एक माननीय सदस्यः** आप आजकल बिहार कम जा रहे हैं।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंहः** मैं 21-22 और 23 को एक शादी के अवसर पर बिहार गया था। मैं उस समय 33 गांव घूम कर आया हूं। आप भी उस शादी में गए होंगे। हम लोग वहां की स्थिति देख कर आए हैं ।

"तू कहता है कागज की लेखी, मैं कहता आंखन की देखी।"

गांव घूमने पर हमें जो अनुभव हुआ मैं उसे बता रहा हूं। मैं सर जमीन की बात कह रहा हूं।

**एक माननीय सदस्यः** यह मुख्यमंत्री आवास के बाहर नहीं जाते हैं।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंहः** यह आपका भ्रम है। जब लोगों की बात उठती है और सर जमीन की बात उठती है तो वह इनसे सहन नहीं होती। वहां एक्सचेंज खुलने के बाद काम नहीं होता। हमने पता लगाया कि क्या कारण है कि रात में टेलीफोन से बात नहीं होती? पता लगा कि वहां देश के पैमाने पर कर्मचारी तो पदःस्थापित हैं लेकिन बिजली संकट की वजह से काम ठीक से नहीं हो पाता। वहां विशो परिस्थिति है। वहां टेलीफोन व्यवस्था सदा चालू रहे, वैसा करने का हम सुझाव देते हैं। मुजफ्फरपुर जिले में साहिबगंज और देवरिया है। साहिबगंज प्रखंड मुख्यालय है और देवरिया भी महत्वपूर्ण स्थान है। वहां दो-तीन घंटे बैठने के बाद फोन नहीं लगता। कहीं से भी बात नहीं होती। हम जब दिल्ली या पटना से वहां टेलीफोन लगाने की कोशिश करते हैं तो फोन नहीं मिलता। मैंने इस सम्बन्ध में सवाल भी किया। सवाल का जवाब आया कि ऑप्टिकल फाइबर लगाने से सुविधा होगी। वह अब तक क्यों नहीं लग रहा है? हम कभी-कभी टूटी सड़कें देखते हैं। हमने इसका पता लगाया कि क्या कारण है कि सड़कें टूटी पड़ी है? कहा गया कि ऑप्टिकल फाइबर लगाया जा रहा है। हमें उस समय लगा कि तरक्की हो गई लेकिन अभी तक देवरिया और साहिबगंज घंटों बैठे रहने पर फोन पर बात ही नहीं होती। पहले कानून था कि टेलीफोन के लिए आवेदन देने पर एक्चेंज खुल जाएगा लेकिन कितने गांव के लोग यह कानून जानते हैं? हमारे यहां 20-25 लोगों ने आवदेन दिया लेकिन एक्सचेंज नहीं खुला। इससे लगता है कि कानून ही खत्म हो गया है। जहां कहीं 10 आदमी टेलीफोन के लिए आवेदन करें वहां एक्सचेंज तुरन्त खुल जाना चाहिए। अगर एक्सचेंज खुले तो वह चालू रहे। बैटरी के अभाव में काम नहीं रुकना चाहिए।

फोन नहीं लगा तो बात हुई कि कहां एक्सचेंज में खराबी है, बैट्री डाउन हो गई है, क्या त्रुटि चल रही है, उसमें तकनीकी मामला है?

**श्री प्रभुनाथ सिह ;** चोरी हो जाता होगा।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह ;** चोरी होकर आपके यहां चला जाता है।

**श्री राजीव प्रताप रूडी (छपरा);** सभापति महोदय, बिहार में बिजली का चोरी बहुत होता है।

MR. CHAIRMAN : When you get your turn, you speak; or you can tell some of your Members to speak. This is not the way.

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह;** सभापति महोदय, बिहार में बिजली नहीं रहती है तो उसके लिये भारत सरकार कसूरवार है। जब बिजली पर बहस होगी तो मैं बताऊंगा।

**श्री राजीव प्रताप रूडी ;** सभापति महोदय, बिहार में बिजली की हालत यह है कि केवल दो घंटे बिजली मिलती है और यहां इतना भााण देते हैं। वहां जान माल का खतरा बना हुआ है और ये भारत सरकार को कुसूरवार कह रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: Kindly resume your seat. There should not be cross-talk.

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह;** सभापति महोदय, टैक्नालाजी का विस्तार हुआ है। बिना बिजली के टेलीफोन चलाने की टैक्नालाजी है, यह जानकारी इन लोगों को नहीं है क्योंकि ये अज्ञानता की कोठरी में बैठे हुये हैं पर मैं जनता की बात कहता हूं कि बिजली न भी रहे तो भी इस तरह की टैक्नालाजी का विस्तार हुआ है, अनुसंधान हो गया है कि वहां पर टेलीफोन की सुविधा दी जा सकती है। गांव गांव में टावर लगे हुये हैं लेकिन उनमें 90-95 परसेंट काम नहीं करते। उसमें टैक्नालाजी खराब हो, मेनटिनेंस में कमी हो अथवा उसमें कार्यरत व्यक्ति में कमजोरी हो। अब किसी न किसी कारण टावर लगा और लोग खुश हुये कि सब जगह फोन से बात हो जायेगी लेकिन टावर काम नहीं कर रहा है। इसलिये मैं कहता हूं कि उसकी टैक्नालाजी में सुधार होना चाहिये नहीं तो उसे हटा देना चाहिये और दूसरी टैक्नालाजी लानी चाहिये।

**श्री लाल मुनी चौबे (बक्सर);** सभापति महोदय,. इनका समय खत्म हो गया है, इनको बैठा दें।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह ;** सभापति महोदय,. जनता की मांग है और विशोकर ग्रामीण जनता की जरूरत है क्योंकि शहरों में तो सैल्यूलर चल रहे हैं लेकिन गांवों में टेलीफोन देखने को नहीं है, लोगो की फोन से कभी बात नहीं हुई। इसलिये कहता हूं कि गांवों में टेलीफोन लगाने पर जोर देना चाहिये। जब तक गांव तरक्की नहीं करेगा, हिन्दुस्तान मजबूत नहीं हो सकता। दुनिया के मुल्कों की तुलना में हिन्दुस्तान आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिये कोई भी नीति बने, उसका मूल आधार गांव का गरीब आदमी होना चाहिये जिससे हिन्दुस्तान आगे बढ़े। मैं सैल्यूलर फोन को सपोर्ट करता हूं कि माननीय सांसदो को मुफ्त में सेल्यूलर फोन मिलना चाहिये जिससे देहात में जाकर लोगों से कहें और उनकी प्राब्लम्स के लिये तुरंत कलेक्टर या मंत्री से बात कर सकें। इससे जनता प्रभावित होगी कि एक एम.पी. फोन से बोले हैं। हमारे बिहार में पार्लियामेंट की एक सीट के 6 असेम्बली सीट्स हैं जहां एक असेम्बली के लिये 1 करोड़ रुपया मिलता जबकि यहां 2 करोड़ रुपया दिया जाता है तो इस प्रकार एक असेम्बली के हिस्से में 32 लाख रूपया आता है

MR. CHAIRMAN: Such issues are raised in the State Legislature, not here.

**श्री लाल मुनी चौबे** क्या देश के सारे गांव बिहार के जैसे गांव बना दिये जायें?

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह ;** आपका क्षेत्र तो बक्सर है जहां की व्यवस्था चौपट है और 50 साल से विधि व्यवस्था चौपट है तो आपको यहां बोलने का क्या अधिकार है?

सभापति महोदय, मैंने जिन सवालो को उठाया है, उनकी तरफ माननीय मंत्री जी ध्यान देंगे। जिस प्रकार से संचार साधनों का विस्तार हुआ है उससे पुराने जमाने की बात भूलकर आज गांव का आदमी घर पर बैठकर ही बात कर सकेगा। चूंकि नई टैक्नालाजी का विस्तार हुआ है, इसलिये गांवों का विकास होगा।

**श्री महेश्वर सिंह (मंडी) :** सभापति महोदय, मैं दूर संचार संबंधी अनुदान मांगों के समर्थन में बोलने के लिए खडा हुआ हूं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी समय टेलीफोन एक लग्जरी माना जाता था, लेकिन आज यह जनमानस की आवश्यकता है। मैं सर्वप्रथम मंत्री महोदय को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने एक संकल्प लिया है कि सन् 2002 तक गांव-गांव में इस व्यवस्था को पहुंचा दिया जायेगा। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मंत्री महोदय ग्रामीण क्षेत्र से संबंध रखते हैं और इन्हें गांवों से प्यार है। मुझे विश्वास है कि वह इस संकल्प में सफल होंगे। लेकिन साथ ही यह भी सत्यता है कि सारा लक्ष्य प्राप्त करना आज इतना सरल नहीं है, क्योंकि देश की भौगोलिक स्थिति के अनुसार देश के दुर्गम क्षेत्र एक नहीं अनेकों हैं। अभी माननीय सदस्य श्री संतोा मोहन देव अर्द्धनिद्रा में है, शायद सो रहे थे, अब जाग गये हैं। जब यह बोल रहे थे तो ऐसा लग रहा था कि वह अपने समय की तारीफ कर रहे थे कि जितने भी अच्छे काम हुए हैं वे इनके समय में ही हुए हैं। माननीय सदस्य श्री रूपचंद जी बोलते-बोलते यहां तक चले गये कि जो टेलीफोन लगाये गये थे, वे भी बंद हो गये, अर्थात् जो भी दुर्गति हुई है वह माननीय मंत्री जी ने की है और आपके समय में चारों तरफ चार चांद लगे हुए थे। अगर आप काम कर गये होते तो फिर आज यह देश दूरसंचार के क्षेत्र में इतना पीछे क्यों होता।

सभापति महोदय, मैं हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देना चाहूंगा। हिमाचल प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 55 हजार स्क्वायर किलोमीटर है, जहां से हम चार सांसद चुनकर आते हैं â€¦( व्यवधान) सुन लीजिए, आपकी भी बारी आयेगी, कितनी बार सुखराम को याद करोगे। महोदय, मंडी क्षेत्र 32 हजार स्क्वायर किलोमीटर में फैला हुआ है, शो 23 हजार स्क्वायर किलोमीटर से तीन सांसद चुनकर आते हैं। लेकिन 32 हजार स्क्वायर किलोमीटर से एक सांसद चुनकर आता है। जितने जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति, किन्नौर, भरमौर और पांगी, ये सब मेरे क्षेत्र में है। मैं पूर्व संचार मंत्री श्री जगमोहन जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा, मैंने गत र्वा उनसे एक विशो आग्रह किया था, जिसके तहत एक साल में एक नहीं 11 एम.सी.पी.सी. आपकी कृपा से मिले, आज उस दुर्गम जनजातीय क्षेत्र में 11 जगह टेलीफोन एक्सचेंजिज लगे हैं, आप कहते हैं कि काम नहीं हो रहा है। महोदय, जहां तक हिमाचल प्रदेश का संबंध है, आज उस सर्किल में 710 एक्सचेंजिज हैं और अधिकांश एक्सचेंजिज तीन-चार र्वाों में लगे और टेलीफोन लाइंस दो लाख 85 हजार हैं। जिस एम.ए.आर.आर. सिस्टम की आप चर्चा कर रहे थे, वे आज 2840 हैं। यह सत्यता है कि एम.ए.आर.आर. सिस्टम बिल्कुल विफल है। यह बात मंत्री महोदय भी स्वयं यहां मान चुके हैं। अब 90 प्रतिशत से अधिक एम.ए.आर.आर. सिस्टम बेकार पड़े हैं और जो स्टोर में सामान है, वह इसके अतिरिक्त है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से विशो आग्रह करना चाहूंगा कि एम.ए.आर.आर. के अंतर्गत जो सुविधा दी गई है वह न के बराबर है। अच्छा होगा कि इस सिस्टम को हटा दिया जाए, जल्दी से जल्दी रिप्लेस कर दिया जाए।

सभापति महोदय, जहां तक टेलीफोन एक्सचेंजिज का संबंध है मैं पहले ही कह चुका हूं कि इसमें हिमाचल प्रदेश ने कितनी प्रगति की है और टेलीफोन आज कहां तक पहुंचे हैं। इसके अतिरिक्त मैं आपका ध्यान एम.सी.पी.सी. की ओर भी दिलाना चाहूंगा। जैसा मैंने कहा है कि सैटेलाइट सिस्टम और एम.सी.पी.सी. की बहुत आवश्यकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र में जितने जनजातीय क्षेत्र हैं, आप सब लोग जानते है कि वहां रोहतांग पास एक ऐसा पास है कि जो र्वा में लगभग छह महीने बंद रहता है। विशोकर लाहौल-स्पीति और पांगी ट्राइबल एरिया में वर्किंग सीजन बहुत कम है । यदि वहां एम.सी.पी.सी. उपलब्ध नहीं करवाये गये तो इस साल का वहां का लक्ष्य प्राप्त नहीं होगा। इसलिए मैं मंत्री महोदय से विशो आग्रह करना चाहूंगा कि इस जनजातीय क्षेत्र के लिए और जो ऐसे क्षेत्र हैं जहां बर्फ अधिक पड़ती है, वहां

समय रहते गर्मी के शुरू में सामान डालना चाहिए, तभी आप लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, नहीं तो हम इसमें बहुत पीछे चले जायेंगे। मुझे विश्वास है कि आप इस बात की ओर विशो ध्यान देंगे।

सभापति महोदय, जहां तक विल सिस्टम का संबंध है, यह बहुत ही उपयुक्त है। विशोकर उन क्षेत्रों के लिए जहां हिमखंड गिरते हैं, जहां अधिक हिमपात होता है, लेकिन अभी तक हिमाचल प्रदेश में ट्रायल बेसिस पर थानेधार नामक स्थान पर विल सिस्टम लगाया गया है। उसके बाद हिमाचल प्रदेश में कोई इक्विपमेंट नहीं लगा। इस सिस्टम को हिमाचल प्रदेश में लगाने के लिए जहां-जहां हिमाचल प्रदेश के चीफ जनरल मैनेजर (टैलीकॉम) ने मांग की है वहां अविलंब लगाने हेतु जल्दी से जल्दी उपकरण उपलब्ध कराए जाएं ताकि उस क्षेत्र में प्रगति हो और यह सिस्टम लगाया जा सके।

सभापति महोदय, जहां तक इनमार सिस्टम का संबंध है, यह सैट मैंने देखा है। यह इस प्रकार का सैट है कि इसे विलेज पब्लिक टेलीफोन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। यह सैट छोटे ब्रीफकेस में बन्द हो जाता है, लेकिन यह जितना हैंडी है उतना ही इसका रेट ज्यादा है। पूर्व में हमें इसके चार्जेज रु.100/- प्रति मिनट बताए गए, लेकिन आपके हस्तक्षेप के बाद, मंत्रालय ने कहा कि हम दुर्गम क्षेत्रों में रु.25/- प्रति मिनट लेंगे। आप मेरी इस बात से सहमत होंगे कि 25 रुपए प्रति मिनट भी बहुत ज्यादा हैं और दूरदराज तथा पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले गरीब लोगों के लिए इतना अधिक धन देना संभव नहीं है। इसलिए जब तक इसके रेट लोकल पी.सी.ओ. के रेट के समान नहीं होंगे तब तक इसका सदुपयोग देश के दूरदराज तथा पहाड़ी व कंदराओं में बसे पिछड़े एवं गरीब लोग नहीं कर पाएंगे। अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि इनमार सैट के रेट पी.सी.ओ. के रेट के बराबर लगाए जाएं। विशोरूप से पहाड़ी तथा पिछड़े व सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए मेरा अनुरोध रहेगा जिसमें हिमाचल प्रदेश के मेरे मंडी संसदीय क्षेत्र का लाहौल-स्पीति, चम्बा जिले का पांगी भरमौर और किन्नौर जिले का संपूर्ण जनजातीय क्षेत्र आता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहता हूं कि इनमार सिस्टम के दो सैट हमारे प्रदेश को अभी तक मिले हैं जिनमें से एक जनजातीय क्षेत्र में खोकसर नामक स्थान पर लगा है और दूसरा मढ़ी नामक स्थान पर लगा है, लेकिन रेट इतने अधिक हैं कि उनका उपयोग जनसाधारण नहीं कर पा रहा है। उनका सदुपयोग जनसाधारण तभी कर पाएगा जबकि उसके रेट पी.सी.ओ. के बराबर होंगे। यदि इनमार सिस्टम के तहत लगने वाले सैटों से टेलीफोन करने वाले लोगों से पी.सी.ओ. के बराबर रेट लेना प्रारंभ नहीं किया गया, तो ग्रामीण क्षेत्रों में इनका इस्तेमाल करना कटिन ही नहीं बल्कि असंभव हो जाएगा।

सभापति महोदय, जैसा प्रभु नाथ सिंह जी ने कहा, केबल लेइंग के काम में ठेकेदारी प्रथा काम कर रही है। ठेके प्रोजैक्ट

साइट से दिए जाते हैं जिसके ऊपर सी.जी.एम.टी. या जी.एम. का कोई कंट्रोल नहीं होता है। टेंडर कॉल करने का काम प्रोजैक्ट साइट के डायरैक्टर का काम है और हिमाचल के लिए टेंडर कॉल करने के लिए जी.एम. जालंधर में बैठता है और प्रोजैक्ट साइट वाले ठेका देते हैं और केबल बिछाने का काम ठेकेदार द्वारा कराया जाता है। ठेकेदार केबल नहीं बिछाता है। स्थानीय दूरसंचार अधिकारियों का उसके ऊपर कोई कंट्रोल नहीं होता है और वह मनमानी करता है। केबल बिछाने में बहुत समय लगा देता है। आजकल आपका आप्टीकल फाइबर केबल लेइंग का काम चल रहा है। उसमें एक शर्त यह है कि इसका ठेका उसी को दिया जाएगा जिसको इस कार्य का अनुभव होगा। अब कोई आदमी कहीं से पढ़ कर आएगा।

**श्री राम विलास पासवान:** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय महेश्वर सिंह जी को सूचित करना चाहता हूं कि उसको मैंने खत्म कर दिया है।

**श्री महेश्वर सिंह:** जिन्होंने वहां ठेके लिए हुए हैं वे काम नहीं करते। जब सी.जी.एम.टी. जी.एम.या टी.डी.एम. को पूछा जाता है कि आपने लक्ष्य क्यों प्राप्त नहीं किया, तो दोा उनके ऊपर मढ़ने का प्रयास किया जाता है जबकि सबसे ज्यादा कसूर ठेकेदार का रहता है।

सभापति जी, मैं मंत्री महोदय के प्रति आभार प्रकट करना चाहूंगा क्योंकि उन्होंने यह स्पट कर दिया है कि अब इसको समाप्त कर दिया गया है। टेलीफोन लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बहुत उत्साह है। वहां लोग केबल बिछाने के लिए खुद जमीन खोद कर केबल दबाने का कार्य श्रमदान के माध्यम से करते हैं। इसलिए मुझे विश्वास है कि इसमें तीव्रता आएगी। इसमें स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा, ऐसी मुझे उम्मीद है।

सभापति महोदय, जहां तक स्टाफ के अभाव का सवाल है और जैसा प्रभु नाथ सिंह जी ने भी कहा, माननीय मंत्री महोदय मेरी इस बात से सहमत होंगे कि हिमाचल प्रदेश में तीन टेलीफोन एक्सचेजों पर केवल एक आदमी है और एक टेलीफोन एक्सचेंज दूसरी से लगभग 30 किलोमीटर दूर है और एक से दूसरी और दूसरी से तीसरी एक्सचेंज पर जाकर उन्हें एक ही दिन में ठीक रखने का कार्य करना और जाना एक कर्मचारी के लिए कठिन ही नहीं बल्कि असंभव हो रहा। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि आप केजुअल कर्मचारियों की भर्ती की अनुमति दीजिए ताकि कम से कम हरेक टेलीफोन एक्सचेंज पर एक कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके और वह स्थानीय व्यक्ति हो ताकि टेलीफोन एक्सचेंज की अच्छी तरह से देखरेख कर सके और टेलीफोन एक्सचेंज ठीक प्रकार से काम करता रहे।

सभापति महोदय, जहां तक टेलीफोन बिल को जमा करने का सवाल है, ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्य में बहुत कठिनाई आ रही है क्योंकि ब्रांच पोस्ट आफिसों में उन्हें जमा करने का कोई प्रावधान नहीं है और ग्रामीण क्षेत्र को लोगों को टेलीफोन का बिल जमा कराने के लिए दूर जाना पड़ता है। एक टेलीफोन का एवरेज बिल 300 रुपए आता है और उसे जमा करने के लिए जाने-आने में ही 100 रुपए से अधिक लग जाते हैं। इस प्रकार से स्थिति यह हो रही है कि दाढ़ी से लंबी मूंछ हो गई है।

सभापति महोदय, एक गांव में 100 से ज्यादा औसतन टेलीफोन उपभोक्ता नहीं होंगे और एक टेलीफोन का औसतन बिल 300 रुपए के हिसाब से लगाएं, तो एक माह में मात्र 30,000/- रुपए से ज्यादा नहीं बैठते हैं और मेरी समझ में एक शाखा डाकघर के डाकपाल को 30 हजार रुपए का कैश हैंडल करने में कोई बहुत मुश्किल नहीं आएगी। यह व्यवस्था की जा सकती है कि उस कैश को 48 घंटों के भीतर वह बैंक में जमा करवा दे या फिर ऐसी व्यवस्था की जा सकती है कि महीने में एक दिन ऐसा नियत कर दिया जाए, जिस दिन ग्रामीण लोग विलेज पोस्ट आफिस में जाकर अपने टेलीफोन का बिल जमा करा सकें। ऐसी व्यवस्था अभी तक न होने के कारण हमारे यहां से पोस्ट आफिसों को स्तरोन्नत करने की मांग बहुत ज्यादा आने लगी है।

पोस्ट आफिस के बारे में जब हम पी.एम.जी. को लिखते हैं। â€¦(व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** लोगों को कितनी दूर जाना पड़ता है?

**श्री महेश्वर सिंह :** उनको 30-40 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है क्योंकि वहां सब पोस्ट आफिस नहीं है।

**श्री राम विलास पासवान :** हम एक सिस्टम बनाने पर विचार करेगें। क्योंकि पैसे रखने के मामले में दिक्कत है इसलिये कुछ ब्रांच पोस्ट आफिसों में से एक ब्रांच पोस्ट आफिस को आईडेंटिफाई करें।

यदि उसके बावजूद भी, जैसा आप कहते हैं, मैक्सिमम दूरी होगी तो दूसरे ऑल्टरनेटिव पर विचार करेंगे।

**श्री महेश्वर सिंह :** धन्यवाद। यह बिल जमा करने में बहुत कठिनाई आती है। जहां बैंक्स हैं, वहां उनको हैंडलिंग चार्जेज देकर ग्रामीण क्षेत्रों में यह पैसा जमा किया जा सकता है। लोगों को इससे सुविधा मिलेगी।

जहां तक पोस्ट आफिस खोलने का संबंध है, इसके बारे में सरकार को नीतिगत निर्णय लेना चाहिए। हमारे पास जब मांग आती है तो हम पी.एम.जी. को लिखते हैं। वहां से एक ही घिसा-पिटा जवाब आता है कि विभागीय मापदंडों के अनुसार पोस्ट आफिस नहीं खोला जा सकता। सरकार कोई नीतिगत निर्णय लें कि हर पंचायत में पोस्ट आफिस खोलना है या नहीं। यह निर्णय आपको लेना है ।तब हम उसके मुताबिक आपको पत्र लिखेंगे, नहीं तो यही जवाब आता है और वित्तीय विभाग आपको कभी भी विलेज में पोस्ट आफिस खोलने नहीं देगा।

महोदय, सुंदर नगर, हिमाचल में एक बहुत भव्य भवन बना हुआ है। श्री जगमोहन जी के समय भी मैंने लिखा था कि विभाग ने इतना बड़ा भवन इस उद्देश्य से बनाया है ताकि वहां जे.टी.ओ. वगैरह की ट्रेनिंग चलाई जा सके। आज वह खाली पड़ा हुआ है और दो कमरों में छोटा सा एक्सचेंज है। मेरे पास जगमोहन जी का पत्र भी आया जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वहां पर जे.टी.ओ. एवं अन्य अधिकारियों की ट्रेनिंग का काम कराया जायेगा।

अंत में मैं ई.डी. कर्मचारियों की ओर आपका ध्यान लाना चाहूंगा। मुझे विश्वास है कि आपके होते हुए उनकी समस्याओं का समाधान होगा। तलवार कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी थी और सरकार ने भी आश्वासन दिया था कि उसको जल्दी से जल्दी इम्पलीमैंट किया जायेगा। पुनः उन्होंने दो मई से हड़ताल का अल्टीमेटम दिया है। मुझे विश्वास है कि आप मिल बैठकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे क्योंकि आज यह समय आया है कि वे कर्मचारी न कहलाकर अतिरिक्त कर्मचारी कहलाये जाते हैं। मुझे विश्वास है कि आप उनकी भी समस्याओं का समाधान करेंगे।

सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपके प्रति आभार व्यक्त करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

DR. V. SAROJA (RASIPURAM): Respected Chairman, Sir, I thank you very much for giving me this opportunity to associate myself with the observations made in this august House on the Demands for Grants for Communications. At the outset, let me come out with a request on behalf of all the parliamentarians here. The out-of-turn quota for the Members of Parliament may be increased from 50 per year to 100 per year because it is not sufficient to cater to the demands in their respective constituencies. ...(*Interruptions*)

SHRI RAM VILAS PASWAN: I will reply.

DR. V. SAROJA: I hope there will be a positive reply from the hon. Minister. There should be a clear and comprehensive policy for communications. There has been a National Telecom Policy, 1994 and also in 1999. There are also many modifications which have been adopted by the Ministry, that is, a separate Department for Telecom Services (DTS) and another Department for Telecommunications and also the Telecom Commission to handle the matters relating to the coordination between DOT and DTS.

What is the net result? Seventy-four per cent of the rural population in India are not getting telephone facilities.

What is the achievement today? In the rural area, the Tele-density is two per thousand and it is 34 per thousand in the urban area.

It is said that during the Ninth Five Year Plan, the given target will be completed. I want to know from the hon. Minister the strategy adopted to achieve the target.

As far as the National Telecom Policy is concerned, what is the impact on the rural tariff subsidy? We have given thrust to the computer education in the school level also. But what is the achievement? How far have we moved towards the modern technology that will be associated with the school children?

Sir, in the Nordic countries, number of community Tele-services are available in the rural centres. These are multiple purpose centres, providing computer and telecommunication facilities for local communities to assess the distant education, giving computer training, village hall facilities and to help local small entrepreneurs by providing business information, information on office facilities and giving them professional training. Sir, it is high time that we thought on these lines instead of carrying over the outmoded Telecom Policy and the Indian Telegraphs Act. It should be substituted by a new law keeping in view the economic globalisation in the country.

Sir, it is my observation that the telephone exchanges should be modernised and updated with technical exchanges. In this context, I want to draw the attention of the hon. Minister towards the Telecom Policy of 1994 where one of the objectives was to ensure that India emerges as major manufacturing base and a major exporter of telecom equipment. The second objective was to give active universal service, covering villages, as early as possible. I want to underline the words, the quality of telecom services should be of world standard.

Sir, where do we stand today as far as recruitment in the Telecom Department is concerned? According to the information available with me, the last recruitment was done in the year 1984 and after that no recruitment was done in the Telecom Department. I do agree that there is development to the tune of 200 per cent, but where is the maintenance? If there is no maintenance and if there is no manpower how can we expect the Department to deliver

100 per cent world standard service to the rural people. I want to have a pointed reply in this regard from the hon. Minister.

In my area, setting up MTNL at Chennai, Chennai Telephones earns about Rs.960 crore per year. But what is the amount spent for the Telecom Circle, Tamil Nadu? It is a very meagre amount. I would request the hon. Minister to earmark a sizeable amount for the maintenance and the quality of service to be delivered to the people of my State.

As far as optical fibre system usage is concerned, it is my observation that we have not yet understood the mechanism.

We have not understood thoroughly about the usage and also the cost benefit ratio. Sir, I would like to know from the hon. Minister about the fibre optic usage in this Department and also the cost benefit ratio.

Sir, in my State, the target for the year 1999-2000 is 5.5 lakh telephone connections. But today in the year 2000 , the waiting list is to the tune of six lakhs but the target given is 5.5 lakhs. I would like to request the hon. Minister to complete the target by the year 2001. I also request him to give more funds. The Tamil Nadu Circle has sent a proposal to achieve the target of Rs.1,300 crore. I request the hon. Minister of Communications to allot more funds in this regard.

Sir, as far as the post office is concerned, in my area, there is Mullu Kurichi Branch Post Office in Senthamangalam Assembly Constituency. I would request the hon. Minister to upgrade that post office. Nearby that post office, there is Uzhipuram sub-post office. One sub-post master cum clerks is working there for more than 10 years without incurring extra expenditure to the Government. May I request the Minister to upgrade this post office? Also promotion can be given through redeployment and the same person can look after the post office. They can cater to the needs of the local people. Matching saving is also available with us.

Sir, in Authur Assembly Constituency, we need head post office building and also a staff quarters building . The land is available. I would request the hon. Minister to allot more funds. Fund may be allotted for Veeragalnur post office and quarter building for the post-master. It is in Thaivasal Assembly Constituency.

Before I conclude, It is given to understanding that during 1999-2000, it is proposed to modernise 60 post offices by installing 100 multipurpose counter machines. May I request the hon. Minister to upgrade both Salem and Namakkal head post offices so that my constituency people will be benefited?

As far as the Internet services are concerned, they have been given through VSNL by a public sector. May I request the hon. Minister that it can be done through the DoT so that a separate gateway can be provided and Internet facilities can be provided for the rural people at a lesser cost?

As far as the cellular system is concerned, Namakkal and Salem areas are industrially and educationally well-developed areas. The DoT can think of providing cellular system in my area. Sir, I associate myself with my hon. colleague. In the telephone exchange itself we can have a counter on part time basis for paying the telephone bills so that the rural people can avoid waiting on the queue for four or five hours every time.

SHRI RAM MOHAN GADDE (VIJAYAWADA): Respected Sir. I wish humbly to bring to your notice the following points for public utility in the Vijayawada constituency.

Vijayawada Telecommunications is making rapid strides in providing reliable state-of-the-art communication services in Krishna district. The *Talukas* covered in the constituency are: Vijayawada, Jaggaiahpet, Tiruvur, Mylavaram and Nandigama.

Cellular Phone Services are going to be started in Vijayawada city, but only 1000-line equipment has been allotted. Vijayawada being the second biggest commercial centre in the State, at least 5000-line exchange may be allotted in place of 1000-line.

The area of coverage for the above mentioned Cellular Phone Service is very much limited to the Vijayawada city limits. The Department of Telecommunications must give services throughout the district and the equipment must be installed accordingly. This is of utmost importance for smooth development of the district. Machilipatnam being the district headquarters of Krishna district, 1000-line exchange for Cellular Services must be earmarked for Machilipatnam. The town has tremendous potential for Cellular phones. Private operators, namely, M/s Tata Cellular and JTM are already operating their services partly in the district. In order to have business edge over these private operators, DoT services must cover the entire district in the first phase itself. So, the equipment may be allotted accordingly.

Tariff must be lower than that of the private operators such that the objective of the New Telecom Policy, 1999 to

make the services affordable and available throughout the district, is fulfilled. The tariff should be on par with the tariff of the cellular services of MTNL, which is of utmost importance for smooth development of the district.

Internet services have been introduced in Vijayawada only. This facility must be extended seamlessly in the district so that the services can become more popular.

Presently, the coin-collecting boxes installed in Vijayawada city are not sufficient. I request that these should be allotted in good number to the district. In the first place, 500 boxes may be allotted.

Wireless-in-Local-Loop (WLL) telephones are being given in two SDCAs of the district. Keeping in view the inaccessible areas in the district, 5000-line equipment may be given so that all the ten SDCAs are covered by Wireless phones.

Appropriate equipment may be supplied to achieve the objectives of the New Telecom Policy and to achieve a tele-density of seven per cent by the year 2005.

Voice Mail facility is essential to be given for the customers of Vijayawada. It was proposed one and a half year back to supply the equipment, but so far the equipment is not made available. Had the equipment been installed one and a half year back, we would have recovered the cost of the equipment by now.

Vijayawada is a fast growing city and there is an urgent need to have own buildings to instal exchanges. Sites are required at Singhnagar, Gunadala, Chittinagar, Krishna Lanka and Gandhinagar.

Lastly, full-fledged CGHS facility should be extended for the benefit of the Central Government employees in Vijayawada, as recommended by the Fifth Pay Commission.

With these points, I thank you once again.

**श्री रामसागर रावत (बाराबंकी) :** महोदय, मुझे खुशी है कि दूर संचार विभाग एक कुशल और अनुभवी मंत्री के पास है। मान्यवर, यह विभाग खराब टैक्नोलॉजी और

भ्रटाचार के लिए देश में बदनाम हो गया था, लेकिन बेनी प्रसाद वर्मा और पासवान जी के हाथ में जब से यह विभाग आया,

तब से इस विभाग में काफी सुधार हुआ है और ग्रामीण अंचलों में जो इसका विकास हो रहा है वह काफी लाभकारी है। लेकिन एम. आर.आर.जो गांव-गांव में लगाया गया था और एकदम से खराब हो गया, उसका क्या करें? इसमें उनका अपना कोई दो नहीं है। दूरसंचार विभाग की ओर से कोई ऐसा निर्णय नहीं लिया गया कि वहां पर नयी तकनीक की लाइनें बिछाकर के उसको लाभकारी बनाया जाये। इसलिए संचार मंत्री जी से हमारा यह भी अनुरोध है कि बाराबंकी में ग्रामीण अंचलों में जहां यह भूख जागी और जहां पैसा भी मापदंड के अनुसार जमा किया गया, वहां टेलीफोन की लाइनें नहीं लगाई गयी हैं। हमारा आपसे अनुरोध है कि वहां पर उन्हें टेलीफोन की लाइनें मिलनी चाहिए। हमारे जनपद में कोठी, सुवेहा, भेलवल समेत दर्जनों दूरसंचार भवन बनकर तैयार हो गये हैं लेकिन वे पूरी तरह से संचालित नहीं हो पाये हैं तथा जिनकी तादाद दर्जनों के लगभग है। आप कह देंगे तो वहां के लोगों को भारी लाभ मिलेगा।

मान्यवर, असंदर और हैदरगढ़ एक्सचेंज जो हमारे लोक सभा क्षेत्र में आते है अक्सर खराब पड़े रहते हैं। वहां के अधिकारी उनको ठीक करने नहीं आते हैं। उनकी मशीनें खराब हो जाती हैं। कहा जाता है कि मशीनें जर्जर हैं। हम उनको बदलने और दुरूस्त करने के लिए शासन से बराबर अनुरोध कर रहे हैं, विभाग से अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन वे ठीक नहीं हो पाये हैं। मैं मंत्री जी से इस बात का भी अनुरोध करूंगा कि ये जो महत्वपूर्ण एक्सचेंज हैं उनकी मशीनों को ठीक कराया जाये तो कृपा होगी।

मान्यवर, अंत में मैं अपनी व्यथा के समाधान के लिए भी आपसे अनुरोध करना चाहता हूं। मैं नौंवी लोक सभा से ग्यारहवीं लोक सभा का सदस्य रहा। चौथी बार मैं लोक सभा का सदस्य हूं। मैंने कभी भी टेलीफोन सुविधा से अधिक का उपयोग नहीं किया है और न ही मेरे पास कभी कोई अतिरिक्त बिल आया है। लेकिन बारहवीं लोक सभा में जब मैं चुनाव हार गया, तो चार महीने का एक लाख से अधिक का बिल मेरे पास पहुंचा। कई और सांसद भी इस तरह के अतिरिक्त बिल के शिकार हुए हैं। मैंने आपको पत्र भी लिखा है। आप जांच करायेंगे तो आपको पता चलेगा कि लोक सभा के चार पीरियडों में न तो मेरे पास कोई फर्जी बिल आया और न ही टेलीफोन का दुरुपयोग हुआ। यह फर्जी बिल बनकर आया है। उसकी जांच कराकर आप हमें न्याय दें और इस फर्जी बिल को समाप्त करायें।

**श्री राम विलास पासवान :** जिस भी माननीय सांसद की शिकायत मेरे पास आयेगी, उसकी जांच विजिलेंस से हम करवा देंगे। शायद मैंने इस बारे में कह भी दिया होगा, हम इसका पता लगाएंगे और विजिलेंस से जांच करवाएंगे। जो भी ऑफिसर होगा, वह आपके पास जाकर, आपसे बातचीत करके रिपोर्ट लेगा।

**श्री राम सागरः** मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे उनका कृपा पत्र प्राप्त हुआ। उन्होंने जो बात अभी कही, वहीं बात लिखी है कि वह इसकी जांच करवा कर इसे ठीक करेंगे।

अंत में मैं एक और अनुरोध करना चाहूंगा कि हमारे यहां गोमती, रारी, कल्याणी, घाघरा और नैया तीन-चार नदियों के बीच का इलाका है जिस में 300 गांव हैं। उन गांवों की बड़ी पंचायतों में से 20-20, 25-25 और 50-50 की तादाद में लोगों ने एप्लीकेशन दी है।

1756. बजे

**(डा. लक्ष्मी नारायण पांडेय पीठासीन हुए)**

हमारे यहां टेलीफोन की सुविधा दी जाए। बीच में यह कहा कि हमारे पास सामान और टेलीफोन विस्तार की कमी नहीं है लेकिन कहीं न कहीं मामला फंसा है। मैं आपसे अपेक्षा करता हूं कि उस पिछड़े क्षेत्र में टेलीफोन का विस्तार करने की मेहरबानी करें।

इन चन्द सुझावों के साथ मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि मुझे बोलने का मौका दिया। मैं खास तौर पर मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मेरी बातों को गौर से सुना और बीच मं जवाबदेही की।

**वैद्य विणु दत्त शर्मा (जम्मू) :** सभापति महोदय, वर्तमान सरकार की व्यवस्था में नए-नए लक्ष्य तय हुए हैं और उस ओर गति चल रही है। हमें प्रसन्नता है कि जम्मू-कश्मीर में मंत्री महोदय स्वयं पधारे थे। उन्होंने वहां की दयनीय स्थिति खुद आंखों से देखी। जम्मू कश्मीर एक ऐसा प्रान्त है जो उग्रवाद ग्रस्त है। खास तौर से मेरो निर्वाचन क्षेत्र पूंछ और राजौरी ऐसे क्षेत्र है जहां बहुत बड़ी तादाद में हत्याएं हुई हैं, लोग मारे गए हैं। यह इलाका पहाड़ी है। वहां के दूर दराज इलाकों तक टेलीफोन की कोई सुविधा नहीं है। यह बात ठीक है कि पहले कुछ पंचायतों में सोलर सिस्टम से चलने वाले टेलीफोन केबल्स लगे। वहां साढ़े तीन सौ के लगभग टोटल पंचायतें हैं। सिर्फ 20 परसैंट पंचायतों में यह सिस्टम जारी हुआ है लेकिन वह भी असफल रहा। इस क्षेत्र में टेलीफोन ही जीवन है और सम्पर्क का एकमात्र साधन है। दूर-दराज और पहाड़ी क्षेत्रों में उग्रवादी जब किसी की हत्या कर देते हैं तो उसकी सूचना पहुंचने में दो-दो महीने लग जाते हैं। तब पता लगता है कि किसी गांव में कोई घटना हुई है। पिछले बीस सालों में वहां के डिस्ट्रिक्ट्स और तहसीलों का नए सिरे से विभाजन हुआ। वहां पोस्ट आफिस पुराने तहसील और डिस्ट्रिक्ट के विभाजन के अनुसार हैं। आज वहां नई व्यवस्था शुरु करने की जरूरत है। नए तहसील और डिस्ट्रिक्ट बन जाने से पुरानी पोस्टल व्यवस्था बेकार हो रही है। यदि कोई सूचना या पत्र भेजा जाए तो वह महीने-दो महीने के बाद मिलती है। पोस्टल सिस्टम की रिऑर्गेनाइजेशन करनी चाहिए। वहां नए डाकखाने खोलने चाहिए। वहां की सारी पंचायतें टेलीफोन युक्त होनी चाहिए ताकि इन इलाकों में सूचना जल्दी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाई जा सके।

<u>1800hrs.</u>

और उग्रवाद से लोग सुरक्षित रह सकें। वहां के मेजर एक्सचेंजेस में काम करने वाले लोग नहीं हैं। इस आशय की शिकायत जम्मू में की गई थी। यह ठीक है कि व्यवस्था में कुछ सुधार हुआ है लेकिन अभी तक बहुत से एक्सचेंजेस ऐसे हैं जो बेकार पड़े हुये हैं, काम नहीं करते हैं। पिछले न जाने कितने सालों से प्राइवेट आप्रेटर्स मैदान में नही आये क्योंकि कर्मचारियों के करप्शन के कारण लोगों ने कोर्ट से स्टे ले लिया था। इस कारण लोगों को काम नही मिला। अब वह स्टे वैकेट हुआ है। मैं समझता हूं कि जितने एस.टी.डी. और पी.सी.ओ. के आवेदन पत्र हैं, वे क्लीयर हो जाने चाहिये ताकि लोगों को काम मिल सके। अगर दूर-दराज क्षेत्रों में प्राइवेट आप्रेटर्स काम करना शुरु कर दें तो लोगों को सुविधा प्राप्त हो सकती है। जम्मू में सोलर सिस्टम टावर बेकार हो गये हैं, अब नये आप्रेटर केबल्स भेजकर टेलीफोन मुहैया किये जाने चाहिये।

सभापति महोदय, मेरी प्रार्थना है कि गांवों में पंचायतों को जल्द टेलीफोन उपलब्ध कराया जाये। इसके लिये माननीय मंत्री जी ने लोगों से कहा भी था कि वे हर गांव की पंचायत को टेलीफोन देंगे लेकिन अभी तक यह कार्य पूरा नहीं हुआ है। कुछ पंचायतों में काम हो रहा है, बाकी सारे बेकार हैं। आज जम्मू और श्रीनगर म्युनिसिपैलिटी की आबादी 12 लाख के लगभग है लेकिन वहां सैल्यूलर फोन की उपलब्धता नहीं है। यदि प्राइवेट आप्रेटर्स को यह सुविधा मिल जाय तो लोगों को आराम हो सकता है। इससे सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। इसी तरह से जो बर्फानी इलाका है, वहां काम करने की जरूरत है। अब इन दिनों से 2-3 महीने काम करना है, यदि सरकार चाहे तो उन क्षेत्रों में यह सुविधा दे सकती है।

**श्री राम दास आठवले (पंढरपुर);** सभापति महोदय, यह सदन कब तक चलेगा? क्या समय बढ़ाया जा रहा है?

**सभापति महोदय :** कार्य मंत्रणा समिति ने यह तय किया है कि ये डिमांड जब तक पूरी न हो जाये, हम देर तक बैठेंगे। इस समय बहस के तीन घंटे हुये हैं, तीन घंटे बाकी हैं।

**श्री किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व);** सभापति महोदय, अभी कितने स्पीकर्स बाकी हैं।

**सभापति महोदय :** अभी 12 सांसद बोलने शो हैं। यदि हाउस समय बढ़ाने के लिये सहमत है तो यह चर्चा जारी रखी जाये। चूंकि सदन सहमत है, इसलिये चर्चा जारी रखी जायेगी।

SHRI A.C. JOS (TRICHUR): We will sit provided the Minister gives one more mobile telephone.

**श्री प्रभुनाथ सिंह ;** सभापति जी, माननीय मंत्री जी अलग-अलग ज़ोन की समस्या सुन रहे हैं । जो बोलने वाले हैं, उनका भााण बोला हुआ मान लिया जाये।

**सभापति महोदय :** श्री वैद्य, अपना भीाण जारी रखें।

**वैद्य विणु दत्त;** सभापति महोदय. जम्मू और श्रीनगर दोनो में म्युनिसिपैलिटीज़ हैं। यह निर्णय लिया गया है कि केबल्स बिछाने के लिये, सड़क की मरम्मत के लिये या रास्ते की मरम्मत के लिये खर्चा म्युनिसिपैलिटी टेलीफोन डिपार्टमेंट को देती है।

वहां की म्युनिसिपैलिटी जो रास्ता महीनों खुदा पड़ा रहता है, उसकी रिपेयर नहीं करती। हमारा कहना है कि इस रिपेयर के काम को भी टेलीकम्युनिकेशन डिपार्टमैंट स्वयं कर दे तो उससे काम आसान हो जायेगा।इसी प्रार्थना के साथ मैं अपना कथन समाप्त करता हूं।

**श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ) :** आदरणीय सभापति महोदय, संचार विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेने के लिए आपने मुझे समय दिया है, उसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। जब संचार व्यवस्था का प्रश्न उठता है तो हम इस बात को नहीं भुला सकते कि संचार व्यवस्था में सुधार, संचार प्रणाली का विस्तार उन दो स्थायी सरकारों के समय में हुआ, जो दस साल तक इस देश में रहीं और दोनों कांग्रेस की सरकारें थी। जो रास्ता उन्होंने बताया है उसी रास्ते पर हमें चलना है और उसका विस्तार होता रहे, मैं समझता हूं कि ऐसा प्रयास सरकार का भी रहेगा। लेकिन इस आधुनिक युग की दौड़ में हमें उन बातों का भी ध्यान रखना पड़ेगा कि जो हमारा पोस्टल नैटवर्क है, वह आज अलग-थलग पड़ा हुआ है। हम इस बात को न भूलें कि हमारे देश में 1,53,000 पोस्ट ऑफिसेज हैं। हम इस बात को न भूलें कि इन पोस्ट ऑफिसेज में से 1,37,000 पोस्ट ऑफिसेज ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। पोस्टल विभाग में जो कर्मचारी हैं उनके मन में एक आशंका है। पोस्टल विभाग में लगभग तीन लाख कर्मचारी हैं, और तीन लाख एक्सट्रा डिपार्टमैंटल कर्मचारी हैं, इस प्रकार छह लाख कर्मचारी हैं, जिनका जीवन पोस्टल विभाग से जुड़ा

हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक जैसी टेलीफोन व्यवस्था होनी चाहिए, वैसी व्यवस्था नहीं हो पाई है। इसलिए आज भी आम आदमी पोस्टल विभाग पर निर्भर करते हैं। इसमें जो कर्मचारी हैं उनके भविय के बारे में कोई स्पट नीति अभी तक नहीं बनी है। उनके मन में एक भ्रम है कि जो विदेशी कम्पनियां यहां आयेंगी, जिस आधुनिक दौड़ में हमारा देश जायेगा, हालांकि उस आधुनिक दौड़ में हमारा जाना आवश्यक है, नहीं तो हम पिछड़ जायेंगे, लेकिन उस दौड़ में शामिल होने से ऐसा न हो कि उनका जीवन अधर में हो जाए। इसलिए इस शंका का समाधान करना मंत्री जी बहुत आवश्यक है। क्योंकि वही कर्मचारी आज इस पोस्टल व्यवस्था को, टेलीफोन व्यवस्था को बिगाड़ने में लगे हुए हैं। सारे कर्मचारी ऐसा करते हैं, मैं ऐसा नहीं कहता, लेकिन कुछ कर्मचारी हैं जो ऐसा कर रहे हैं। हम कितना ही आधुनिकीकरण करें, कितना ही प्रयास करें, अगर कर्मचारी संतुट नहीं हैं तो हमारी व्यवस्था नहीं जम पायेगी। इसलिए मैं आपसे आग्रह करूंगा कि जैसे पोस्टल स्टाफ कालेज, गाजियाबाद है, उनकी जो अपेक्षाएं हैं, उनका ध्यान बजट में नहीं रखा गया है, उन्हें जितना बजट मिलना चाहिए, नहीं दिया गया है। इसलिए इस पर आप ध्यान दें। जो आपके ट्रेनिंग सैंटर्स हैं, उन्हें पर्याप्त बजट नहीं दिया गया है। यह उनकी शिकायत है जो मैं आप तक पहुंचा रहा हूं।

महोदय, आपने सी.डॉट की फैसिलिटी शुरू की है, इसका विस्तार किया है, पूर्व में भी किया गया है, और आपकी भी योजना है। अपने देश में हम छह मिलियन सी.डॉट एक्सचेंज लाइन्स बिछा चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी आज ग्रामीण क्षेत्रों में जैसी संचार व्यवस्था होनी चाहिए, वैसी नहीं है, इसके क्या कारण हैं, इसकी गहराई में जाना आवश्यक है। अभी बिहार के सांसद ने चिंता व्यक्त की, भाई रूडी कह रहे थे कि वहां बिजली नहीं आती। ऐसी स्थिति में वाकई यह सही बात है कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां बिजली की समस्या है। वहां दो घंटे बिजली आती है। ऐसी भी कई जगहें हैं जहां दो-दो दिन लाइट नहीं आती है। ऐसी अवस्था में यह आवश्यक है कि हम सोलर टेलीफोन्स पर ध्यान दें, सौर ऊर्जा पर ध्यान दें। आपके बजट में सौर ऊर्जा का ध्यान नहीं रखा गया है, जो पैसा आबंटित होना था, नहीं हुआ है, बल्कि उसकी कहीं चर्चा भी नहीं हुई है। सौर ऊर्जा के माध्यम से हम बहुत सारे दूरसंचार के केन्द्र संचालित कर सकते हैं।

सभापति महोदय, हमारे देश में 365 दिन में से 200 दिन सूरज की तेज रोशनी हमें प्राप्त होती है। अगर हम उसका सौर ऊर्जा के माध्यम से लाभ उठाएं, तो बहुत सारे दूरदराज के इलाकों में संचार माध्यम का प्रसार कर सकते हैं और उसे संचार के माध्यम से जोड़ सकते हैं।

सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि उन्होंने इन्फर्मेशन टैक्नालौजी का एक एक्शन प्लान बनाया है। बहुत अच्छी बात है। जसवन्त सिंह जी उसके चेयरमैन हैं और आपका उद्देश्य यह है कि अगले 10 वर्षों में भारत को इन्फर्मेशन टैक्नौलौजी के क्षेत्र में सुपर पावर बना दिया जाए। आपका यह उद्देश्य बहुत अच्छा है। इसमें हम आपके साथ हैं। भारत एक महान देश है और विश्व की महान् ताकत है और हमेशा रहेगा और अधिक ताकतवर बनकर दुनिया के सामने उभरेगा, लेकिन उस लक्ष्य की प्राप्ति कैसे होगी, यह कहना बड़ा आसान है, लेकिन करना उतना ही मुश्किल है। उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहुत ठोस कदम उठाने पड़ेंगे और उन लोगों का सहयोग भी लेना पड़ेगा जो आपकी सरकार के बाहर हैं। इसमें एक बात और ध्यान रखनी पड़ेगी कि जो इन्फर्मेशन टैक्नॉलौजी में आप सुपर पावर बनना चाहते हैं, उसके लिए आपको रिसर्च एंड डिवैलपमेंट की फेसिलिटीज हमारे देश में बढ़ानी पड़ेंगी।

सभापति महोदय, आज अमरीका को इन्फर्मेशन टैक्नौलौजी में बहुत ऊंचा स्थान प्राप्त है, लेकिन वहां जाकर आप देखें, तो पाएंगे कि वहां सारे वैज्ञानिक और इंजीनियर भारत के हैं। जब अमरीका के राट्रपति बिल क्लिंटन भारत आए थे, तो वे हैदराबाद भी गए थे। वे इसलिए गए थे कि हैदराबाद में इन्फर्मेशन टैक्नालौजी के क्षेत्र में जो प्रगति हुई है उसे देखें और वहां के इंजीनियरों को अपने यहां ले जाकर वैसी प्रगति करें। अगर हम अपने देश में ही आर. एंड डी. की सुविधा बढ़ा दें, तो हमारे देश के वैज्ञानिक और इंजीनियरों को विदेशों में जाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी और जो सामान हम बाहर से औने-पौने दामों में विदेशी मुद्रा देकर मंगाते हैं, वही सामान हम अपने देश में सस्ती लागत पर बना सकते हैं। फिर हमें बाहर से सामान मंगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि फिर वह सामान हम अपने देश में कम कीमत पर और बहुतायत में बना सकेंगे और सुविधा पूर्वक सरलता से सारे देश में उपलब्ध कराया जा सकेगा।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि इंटरनैट की सुविधा जगह-जगह पर दी है। हम तो चाहते हैं कि हर ब्लॉक में आप इंटरनैट की सुविधा उपलब्ध करवा दें। आधुनिक युग में इंटरनैट संचार का एक बहुत अच्छा माध्यम है, लेकिन इसमें शिकायतें बहुत हैं। मैं अपने मध्य प्रदेश राज्य के बारे में बताना चाहता हूं। रात-रात भर हम बैठें तो बहुत मुश्किल से एक या दो पन्ने ही हम इंटरनैट से निकाल पाते हैं। इसमें सुधार करना आवश्यक है। इसका क्या कारण है, तकनीकी कारण है या कोई और, वह तो आपका विभाग बताएगा, आपके लोग उसे ज्यादा समझेंगे क्योंकि मैं कोई तकनीकी व्यक्ति नहीं हूं। परन्तु मेरा यह कहना है कि इंटरनैट का प्रचार-प्रसार करते समय एक चीज का ध्यान रखना पड़ेगा और वह है हमारे देश की सुरक्षा। हमारे देश की सुरक्षा को कोई खतरा न हो, इसकी व्यवस्था करनी पड़ेगी और इंटरनैट का प्रचार-प्रसार करते समय देश की सुरक्षा के आस्पैक्ट को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि उन्होंने अपने मंत्रालय के इस बजट में डी.ओ.टी. का वर्णन किया है और उसके आपने दो भाग कर दिए। एक डी.ओ.टी. और दूसरा डी.टी.एस.। जो दूसरा भाग आपने डी.टी.एस. का बनाया जिसे डिपार्टमेंट आफ टैलीकॉम सर्विसेस कहा जाता है और जो सर्विसेस से संबंधित है, उसके पर्याप्त नतीजे सामने नहीं आ रहे हैं। उसमें कसावट की आवश्यकता है। कई ऐसी शिकायतें हैं जिनकी जवाबदारी विभाग नहीं ले रहा है। उसमें ध्यान देने की आवश्यकता है।

सभापति महोदय, दूरसंचार मंत्रालय में फारेन डायरैक्ट इन्वैस्टमेंट और प्राईवेट डॉमैस्टिक इन्वैस्टमेंट लिया गया है, यह अच्छी बात है और 27399 करोड़ रुपए का प्राइवेट डॉमैस्टिक इन्वैस्टमेंट तथा 36108 करोड़ रुपए का एफ.डी.आई. लिया है। इनको लेते वक्त हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा कि जो हमारे देश के इन्वैस्टर्स हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। हमारे देश में बहुत टेलेंटेड लोग हैं। हमारे देश में टेलेंट की कमी नहीं है। हमारे उद्योगपति किसी से कम नहीं हैं। इसलिए आपको प्राइवेट डॉमैस्टिक इन्वैस्टर्स की ओर ज्यादा ध्यान देना होगा, उसे एफ.डी.आई. के ऊपर प्राथमिकता देनी होगी।

सभापति महोदय, मंत्री महोदय ने कहा है कि सन् 2002 तक भारत के सारे ग्रामों को टेलीफोन व्यवस्था से जोड़ देंगे, बहुत अच्छी बात है, लेकिन जो लक्ष्य रखे जाते हैं, वे पूरे नहीं हो पाते हैं। आपने यह जो लक्ष्य रखा है वीपीटीज का कि 45136 ग्रामों को आप इस वर्ष विलेज पी.सी.ओ. से जोडेंगे।

मुझे शंका है कि आप इसे पूरा कर पायेंगे क्योंकि आपके विभाग के जो लोग हैं, उनके काम करने के तरीके से यह सिद्ध नही होता। डब्ल्यू.एल.एल. टेक्नोलॉजी आपने निकाली है लेकिन उसके भी पर्याप्त नतीजे सामने नहीं आ रहे हैं। मेरा सुझाव है कि जो छोटे जिले हैं, ग्रामीण क्षेत्र हैं, वहां टेलीफोन व्यवस्था में और सुधार करें, इसके लिए वहां जो शिक्षित बेरोजगार हैं, उनको हम ट्रेनिंग दे क्योंकि टेक्नोलॉजी बदल रही है। रोज नई-नई टेक्नोलॉजी आ रही है।

आज लगभग सारे प्रदेशों में आई.आई.टीज. खोली गई हैं। मध्य प्रदेश में हमने हर ब्लाक लैवल पर आई.आई.टीज. खोली हैं। आप राज्य सरकारों से विचार-विमर्श करके आई.आई.टीज. में टेलीकॉम ट्रेनिंग का कोई कोर्स खुलवाये ताकि वहां के शिक्षित बेरोजगार ट्रेनिंग प्राप्त करे और वहां जो व्यवस्था बिगड़े, उसको सुधारने में सहयोग करें।

आपने 1999 की नयी टेलीकॉम पालिसी बनाई है। उसमें आपने कहा है कि आप 15 प्रतिशत टेली-डैनसिटी सन् 2010 तक करेंगे लेकिन उन राज्यों का आपको ध्यान रखना पड़ेगा जिसका उल्लेख आपकी संचार समिति ने भी किया है। उसकी रिपोर्ट में इसका उल्लेख है। वह राज्य हैं असम, बिहार, मध्य

प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, वैस्ट बंगाल और जम्मू-कश्मीर। इनमें टेली-डैनसिटी का स्तर बहुत ही कम है। ऐबीस्मली लो, यह शब्द आपकी कमेटी ने लिखे हैं। आप इन राज्यों का विशे ध्यान रखे और जब टेली-डैनसिटी बढ़ायें तो इन राज्यों में उल्लेखनीय कार्य होना चाहिए।

जहां तक मध्य प्रदेश का सवाल है, आपके बजट को पढ़कर हमें थोड़ी निराशा हुई कि मध्य प्रदेश के जो नेक्स्लाइट प्रभावित क्षेत्र हैं, उनका उसमें पर्याप्त ध्यान नहीं रखा। हमारे प्रदेश में नक्सल गतिविधि बढ़ी है और नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हम वहां तरह-तरह के कार्यक्रम चला रहे हैं। वहां हमने वॉटरशेड़ का प्रोग्राम चलाया है। जब तक वहां की संचार व्यवस्था अच्छी नही होगी, तब तक इस समस्या पर काबू पाना मुश्किल होगा। हमारे जो भोले-भाले आदिवासी हैं, उनको एक गलत विचारधारा की तरफ मोड़े जाने का जो प्रयास होता रहा है, वह चलता रहेगा। इसलिए मैं चाहता हूं कि आपके बजट में हमारे जो नक्सल प्रभावित जिले हैं या और प्रदेशों के हैं, जैसे आपके आंध्र प्रदेश में नक्सल की समस्या है या जहां भी है, उन सब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कोई स्पेशल बजट दें ताकि वहां की संचार व्यवस्था अच्छी हो सके। â€¦( व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** हम रुपया देते नहीं हैं बल्कि हम विकास का काम करते हैं।

**श्री लक्ष्मण सिंह :** बजट का प्रावधान नहीं है।

**श्री राम विलास पासवान :** बजट का प्रावधान कैसे नहीं होगा। जब हम कहते है कि हर गांव में टेलीफोन लगेगा तो वहां भी लगेगा। ठीक है, हम बाद में बोलेंगे।

**श्री लक्ष्मण सिंह :** हम यह कह रहे हैं कि आपने जो संभाग लिये हैं। विलासपुर संभाग गायब, बस्तर जिला जहां सबसे ज्यादा गतिविधियां होती हैं, वहां कुछ काम होना था, उसका उल्लेख उसमें कहीं नहीं है।

जब मैं यहां बोलने आ रहा था तो मुझे फोन आया था। मेरे क्षेत्र में बहुत सारी शिकायतें हैं जिसे आप टेलीफोन स्कैंडल कह सकते हैं। यह बहुत से लोगों की शिकायतें हैं। एक उपभोक्ता श्रीमती रजनी पाराशर है। उन्होंने एस.टी.डी. की सुविधा नहीं मांगी लेकिन एस.टी.डी. की सुविधा कर दी गई और फर्जी बिल उनके यहां भेज दिया गया। ऐसे कई उदाहरण हैं। उसकी जांच के लिए मैं आपसे कहना चाहूंगा क्योंकि यह मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री जी के घर में हुआ है। बहुत सारी शिकायतों का पोथा मुझे अभी प्राप्त हुआ है, मैं ज्यादा गहराई में नहीं जाऊंगा क्योंकि समय नहीं है। लेकिन जो दोाी अधिकारी हैं, उनको सजा मिले ताकि आपकी जो योजना है, जो कार्यक्रम हैं, वे सुचारू रूप से चल सकें और जो टेलीफोन माफिया चल रहा है, उस पर अंकुश लगाया जा सके। आपने जो समय दिया, उसके लिए धन्यवाद। जयहिन्द।

SHRI A. BRAHMANAIAH (MACHILIPATNAM): Respected Chairman, thank you for the opportunity given to me to speak on this subject.

Telecommunication has to play a vital role in view of the emergence of Information Technology. In this competitive environment, we should provide telephone facilities to all the villages, especially to those which are in the remote corners. But as per the information made available, out of six lakh villages, only four lakh villages have been provided with telephone connections and the remaining two lakh villages have not been connected with telephones. In Andhra Pradesh, Chief Minister, Shri Chandrababu Naidu, wants to connect every *panchayat* with Internet.

In my State, *i.e.* Andhra Pradesh, DWACRA groups are given a lot of importance. Nearly three lakh DWACRA groups are working in our State. By using Internet, they get information about the marketing facilities available in different parts of the country and thereby they are getting better prices for their products. In order to encourage the women involved in DWACRA groups, the State Government has given more funds to them. So, telecommunication facilities must reach each and every village and each and every *panchayat.* A number of villages do not have telephone facilities even now. Without telephone facilities, especially without STD facilities, progress cannot be achieved. This Government wants to provide telephone facilities to all the people by 2002. Telephone facilities should be given to all the villages. If we give telephone facilities to farmers, DWACRA groups and some other voluntary organisations, they would be able to get more prices for their products by getting more information. Our State is organising DWACRA bazars for the benefit of these people. Under the able leadership of Shri Chandrababu Naidu, in our State, Information Technology is fast developing.

My constituency is Machilipatnam and it is the district headquarters. It has a glorious past. There was a fort in this place. During the British regime, it used to do business with other countries.

From here, the Britishers did a lot of business to other countries. Now, the position of Machilipatnam, which is the Headquarters of Krishna district and where a number of educational institutions and offices are there is, we have no cellular phone facility as yet. During my meeting with the General Manager of Telecommunications, I raised this point. He asked me to bring this matter to the knowledge of the hon. Minister, Shri Paswan. I have already submitted one representation to him. We are now passing through an era of rapid development. We require quick information from all parts of the world. It is the computer age.

MR. CHAIRMAN: Please wind up.

SHRI A. BRAHMANAIAH : I have got this opportunity to speak in this august House for the first time. So, please give me two or three minutes more.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : Sir, there is a tradition in this House. Whenever a Member is making his maiden speech, the House should know about it. But, we generally do not come to know about it. If the Member could kindly inform the House about the maiden speech, it will be appreciated.

MR. CHAIRMAN: He is saying that this is his maiden speech.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : It is the tradition of the House to appreciate them and it is the duty of the Members to inform the House about the maiden speeches. This could be circulated.

SHRI A. BRAHMANAIAH : So, I would appeal to the Minister that our district Headquarters Machilipatnam should get the cellular phone facility as early as possible. Private organisations like Escotal, Koshika and Tata Cellular are providing telephone facilities even to rural areas but because of inadequate infrastructure facility and financial stringency, DoT is not in a position to face the competition arising from private telecom organisations.

In Bangladesh, Village banks are providing loans to the villagers to get the telephone facility. Similarly, if in our country also the village banks provide loan to the villagers, they can use the telephone facility. This is an important point which I want to bring to the notice of the hon. Minister.

I would now like to highlight some of the problems that people of my State are facing. As per the new policy of the Telecom Department, our State Government has announced concessions and subsidies. Nearly seven to eight months back, thousands of people have paid some initial money amounting to Rs.500 or Rs.1000 in order to get the telephone connections. Not a single connection has been given so far. When I approached the concerned authority, I was told that they had no cable or some other instrument. I request the hon. Minister to give priority to supply cable and other instrument to the Andhra Pradesh Government so that the rural people could get telephone connections.

I would like to bring to your kind notice another important matter regarding the postal department. Hanuman Junction is the centre of two constituencies, Nuzvid and Gannavaram. Though it is a big building, it is in a collapsed condition. The Department has shifted to some other building which is very far away. I have also represented this matter to the hon. Minister. In Machilipatnam also the building has collapsed and they are running their office in some private building. Through you, I would like to request the hon. Minister to allocate sufficient funds for the reconstruction of buildings at Hanuman Junction and Machilipatnam Headquarters.

Another issue to which I wish to draw your attention is with regard to a Sub Post-Office building at Anandapuram. Whenever students have to go to examinations, they suffer a lot due to the lack of postal facilities. So, a Sub Post-Office may be opened there.

Lastly, a word about coin-box phone. There is a heavy demand for this from the public. The information we got from the authorities concerned is that there is a short supply of the same and therefore people are not getting it. I would request the hon. Minister to look into it.

Thank you, Mr. Chairman, for the opportunity you have given me. I thank my colleagues and also the hon. Minister.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Mr. Chairman Sir, in the Business Advisory Committee meeting it has been decided that this debate will continue for six hours. Accordingly the time has been allotted to the respective parties. I would like to inform you about this because I should not misguide my Members. Each party has been allotted the time and we have given a commitment that we would not exceed the same. Our party has got one hour and ten minutes. Accordingly, in that ratio, I have fielded our speakers. My only appeal to you is that they should be given their chance within the allotted time.

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :** सभापति महोदय, दूर संचार मंत्रालय द्वारा अनुदान की मांगों पर हम सब लोग चर्चा कर रहे हैं और यह हमारे देश के लिए बहुत बड़े अभिमान की बात है। पोस्ट एंड टेलीग्राफ तथा टेलीफोन विभाग ने बहुत ही अच्छी तरह से प्रगति करने का प्रयत्न किया है। राम विलास पासवान जी कैबिनेट मिनिस्टर हैं, उन्होंने सभी सांसदों के साथ चर्चा करते हुए वह सबकी समस्याओं का हल करने के बारे में प्रयत्नशील हैं लेकिन समस्या यह है कि अधिकारी लोगों के द्वारा उन्हें जितना सहयोग मिलना चाहिए, उतना सहयोग न मिलने से काफी योजनाएं ऐसी ही पड़ी हुई हैं। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि जब आप अधिकारियों को जगह देंगे तभी गांव-गांव में टेलीफोन लग सकते हैं। जब गलत अधिकारियों को पासवान साहब भगा देंगे तब 2002 तक गांव-गांव में टेलीफोन लग जाएंगे। टेलीफोन गांव-गांव में जाना चाहिए।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र पंढरपुर के टेलीफोन एक्सचेंज को विकसित करने की आवश्यकता है। वहां ज्यादा कर्मचारी देने की आवश्यकता है। हमारे पंढरपुर क्षेत्र में एक जनरल मैनेजर की पोस्ट होनी चाहिए, उसके बारे में विचार करने की आवश्यकता है। एक जिले में अगर दो निर्वाचन क्षेत्र हैं, तो भी उसी जगह पर जनरल मैनेजर का ऑफिस होना चाहिए। हमारे क्षेत्र के दो सौ से ऊपर लोगों ने 10-15-20-25 आदि टेलीफोन कनैक्शन के लिए एप्लाइ किया है मगर कनैक्शन नहीं मिल रहा है। आप उनको कनैक्शन देने के बारे में भी निर्णय ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त पोस्टल विभाग के जो पत्र मिलते हैं, कभी-कभी ऐसा होता है एक पत्र दो-दो साल बाद मिलता है, उसकी भी जांच होनी चाहिए।

जो गरीब लोग हैं, उनके एक महीने का टेलीफोन का बिल पांच सौ आना चाहिए। लेकिन दस हजार या पन्द्रह हजार रुपये बिल आता है। इसका कारण यह है कि टेलीफोन एक्सचेंज में रैकैट है जो गरीब लोगों के टेलीफोन से एस.टी.डी. कराने का प्रयत्न करता है। ज्यादा बिल आने पर उनको कहा जाता है कि आप इतना पैसा भर दो तो आपका इतना पैसा फ्री हो जाएगा मगर गरीब लोग इतना पैसा कहां से लाएंगे ? इसलिए वहां इसी तरह से मिसयूज करने वाली टोली है जिसके विरुद्ध कार्यवाई करने की आवश्यकता है। गरीब लोगों को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। मंत्री महोदय साहब ने मोबॉइल फोन एम.पीज. को देकर एक अच्छा काम किया है, मैं इसके लिए आपका आभारी हूं।

मैं वहां गया था और मैंने फार्म भर दिया। जब मैं फार्म देने लगा तो वे बोले कि 10,000 रुपए दे दीजिए, मैंने कहा कि मेरे पास 10,000 रुपए नहीं हैं। इसलिए जो मोबाइल सेवा है, मेरा सुझाव है कि लोकसभा के 543 मेम्बर्स हैं और राज्यसभा के 238 मेम्बर्स हैं, ये सब मिला कर 781 होते हैं। आपको इसमें 78 लाख 10 हजार रुपए लगने वाले हैं। सरकार के लिए लिए यह कोई बड़ा भारी बोझ नहीं है। इसलिए आपको आज हाउस में एनाउंस करना चाहिए और इन सब एम.पीज़ को फ्री मोबाइल देना चाहिए।...(व्यवधान) एक एम.पी. को 50 हजार फोन काल फ्री अपनी कांस्टीट्यूएंसी के लिए मिलती हैं। मेरा सुझाव है कि जो 50 हजार फ्री काल्स है, इनमें एसटीडी भी मिलनी चाहिए, मेरा मतलब है कि जो एसटीडी है, उसमें तीन मिनट का एक फोन काल होना चाहिए। हम अगर मुंबई फोन करते हैं तो हमारे कई फोन काल हो जाते हैं, इसलिए 50 हजार हमारे दो-तीन महीने में खत्म हो जाते हैं। मेरे सब काल हो गए हैं और अभी एक महीना बाकी है। इसलिए मेरा सुझाव है कि एक लाख फोन काल बढ़ाने की आवश्यकता है लेकिन उसके साथ-साथ 50 हजार फोन काल खाली एसटीडी के लिए मिलने चाहिए, यह भी एनाउंसमेंट होनी चाहिए। हमारे पास इतने लोग आते हैं, मैं जब से चुन कर आया हूं तब से मैंने अभी तक तीन हजार पत्र दिए हैं। मेरे पास हर रोज लोग आते हैं कि हमें फोन दीजिए। मैं पत्र देता हूं और मेरे पत्रों का ढेर आफिस में लग गया है। वे कहते हैं कि पासवान जी को जाकर मिलो और ज्यादा से ज्यादा फोन एक एम.पी. को देने के बारे में विचार करें, ऐसा भी उन्होंने कहा। मेरी मांग है कि हर महीने सौ फोन दें, फ्री में तो देना नहीं है, उन्होंने पैसे भरने हैं। इसलिए आप उन्हें अधिकार दीजिए, हमने उनसे बात की है। हर महीने सौ फोन एक मेम्बर को देने का जो अधिकार है, ये अधिकार देने के लिए आपका डिपार्टमेंट तैयार है, खाली आपके परमीशन की आवश्यकता है। लोकसभा सैक्रेटेरिएट की और राज्यसभा के परमीशन की आवश्यकता है। इसलिए आज आप हमें यह परमीशन दीजिए। अगर हाउस परमीशन देता है तो आपका डिपार्टमेंट देने के लिए तैयार है, इसलिए इसे करने की आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि आपका जो डिपार्टमेंट है, यह बहुत ही अच्छे तरीके से काम कर रहा है। 2002 तक अगर आप सब को फोन देते हैं तो अच्छी बात है। सब को फोन मिलेगा तो आपकी सरकार पांच साल तक रहेगी, अन्यथा आपकी सरकार रहने वाली नहीं है।...(व्यवधान)

**श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया (जूनागढ) :** सरकार पूरे पांच साल चलेगी।

**श्री रामदास आठवले :** पांच साल तो यह सरकार रहेगी लेकिन आप लोग अगर रहने देंगे तो तभी रहेगी। मेरे कहने का मतलब यह है कि जो आश्वासन आपके मंत्रालय ने दिए हैं वे फुलफिल करने के बारे में पासवान जी केपेबल हैं ही। हमारे अच्छे मित्र भी हैं। बाकी पोलिटीकल बात मैं नहीं करना चाहता हूं लेकिन हमारा एक आदमी उधर है।

**श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया :** आप भी इधर आ जाएं।

**श्री रामदास आठवले :** नहीं, हम नहीं आएंगे, हम आपको इधर लाएंगे। हम उधर आने के लिए इधर नहीं आए हैं, हम तो उधर के लोगों को इधर लाने के लिए आए हैं। इसलिए पासवान जी से मैं निवेदन करता हं कि जो मांगें हमने की हैं उन पर कुछ न कुछ तो एनाउंसमेंट कीजिए।

(इति)

SHRI S.S. PALANIMANICKAM (THANJAVUR): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to participate in the discussion on the Demands for Grants relating to the Ministry of Communications.

Sir, the Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Kalaignar has written a letter to the Central Government requesting it to convert the Chennai Telephones into Mahanagar Telephone Nigam Limited, just as in Delhi and Mumbai. This is a long-felt need of the people of Chennai, because they want good service like in Delhi. So, I would request the hon. Minister to convert the Chennai Telephones into MTNL. I expect that the hon. Minister would make this announcement during the course of his reply.

Then, I would request the hon. Minister to introduce a cellular service in Chennai also. Now, we are giving a lot of concessions to the cellular service companies, but their tariff is not uniform and they change their tariffs every three months and say that this the new system. So, I would request the hon. Minister to regulate the tariffs of all the cellular service companies. Then, I would request the hon. Minister to properly monitor the quality of the cellular service. In Trichy, which is near my constituency, there is a cellular phone company run by BPL and that company's cellular service is not even covering the whole of Trichy town. So, what is the use of paying a lot of money for the cellular service?

Sir, whenever new Telephone Directory is issued, it should include all the numbers of new connections as well as the changed ones. We are having a lot of modern facilities and through computer we can issue new numbers to the subscribers within a day. But everywhere, we are receiving complaints from various people that they could not contact us. They say that they have tried our numbers, but could not contact us due to the change in the number and they could not find the new number in the Telephone Directory. This is a common complaint that we receive from the people. So, I would request the hon. Minister to see that all the new numbers and the changed numbers are included when a Telephone Directory is issued. Then only, we can improve the service.

Sir, there is a Committee for allotment of PCOs and STD Booths now. But this Committee consists of only officials. I do not want to go into the details about the previous Committee. We have received a lot of complaints about the Committee.

SHRI RAM VILAS PASWAN: Mr. Chairman, Sir, I would like to clarify that we have not constituted the PCO and STD Committees with officers. There was a Committee earlier. PCO's are now allotted liberally to educated youths and now, I have created four priority categories. The first category is for the War windows/dependents belonging to all the castes, the second category is for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, the third category is for

the handicaped persons and the fourth category is for the . So, whoever falls into these four categories, they will get the 50 % of the STD Booths to be allotted and there is no Exchange restriction for them. If the hon. Member has any complaints in this regard, he can write to me and I will look into it. But unfortunately, Members come to me and request me for out-of-turn allotment. Therefore, I have reserved the allotment of 50% of PCOs to these four categories of people and there is no question of constituting a Committee only with officers. If some officers are indulging in mischief or they are not doing justice, then the hon. Member can report the matter to me and I will look into it.

उपाध्यक्ष महोदय, समय की कमी है, अन्यथा जितने भी माननीय सदस्यों ने प्रश्न उठाए हैं, मैं उन सभी का उत्तर देता। मैंने रेलवे पर बजट बहस का उत्तर दो दिन में दिया। एक दिन साढ़े चार घंटे बोला और दूसरे दिन साढ़े तीन घंटे। रेल में तो फिर भी यदि एक रेल है, तो वह 500 किलोमीटर तक चली जाती थी, लेकिन यहां संचार मंत्रालय में तो 500 किलोमीटर में न जाने कितने डाकघर और तारघर आ जाते हैं, इसलिए इसका जवाब देना तो और भी मुश्किल है और ज्यादा समय लगाने वाला है। इसलिए जो मोटी-मोटी बातें हैं मैं उन्हीं पर आपका ध्यान केन्द्रित करूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय, एक तो हमारे पास दो विभाग हैं- एक डाक का व दूसरा टैलीकॉम डिपार्टमेंट है। जो डाक-विभाग है वह बहुत विस्तृत एवं फैला हुआ है। टैलीकॉम विभाग में जैसा मैंने चेलेंज के साथ कर दिया कि हमारे पास इक्विपमेंट की कमी नहीं है और 50 साल की आजादी के भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि हमने एस.एस.ए. लैवल के आफीसर को बुलाकर मीटिंग की, क्योंकि ग्राउंड रियिलिटी उसी से मालूम पड़ेगी, जो वास्तविकता जमीन की है, वह उसी से मालूम होगी।

उपाध्यक्ष महोदय, हमने नॉर्थ-ईस्ट की अलग बैठक की। एक बैठक शिलांग में और दूसरी आसाम में की। वहां के अधिकारियों को वहीं बुलाया क्योंकि उन्हें दिल्ली आने में काफी दिक्कत होती थी। हमने उन्हें वहीं बुलाया और एक दिन 15 अगस्त का निश्चित कर दिया कि हम उस दिन वी.एस.एन.एल. का जो इंटरनैट गेटवे है, उसे आसाम की राजधानी गौहाटी में प्रारंभ करेंगे। हमने डेट निश्चित कर दी। अभी तक हमारा वहां जो भी काम होता था वह कलकत्ता होकर किया जाता था, जिसमें काफी विलंब हो जाता था। हमने प्रयास किया कि सीधे वार्ता की जाए और समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाए। इसी तरह 10 और 11 को दो दिन हमने यहां बैठक की और क्या-क्या कहां-कहां कमियां हैं और उन्हें दूर करने के लिए क्या-क्या स्टैप्स उठाने हैं और नीचे के अधिकारी क्या कहते हैं तथा ऊपर के अधिकारियों का क्या कहना है, ये सब बातें हमारे सामने आईं, तो हमने पाया कि ज्यादातर नीचे के अधिकारियों का कहना यह था कि उन्हें सामान नहीं मिलता है और ऊपर के अधिकारियों का कहना था कि स्टोर में सामान बहुत है, उसमें कोई कमी नहीं है। इन सब बातों को समझने और समस्या के समाधान का हमने प्रयास किया। कुछ प्राइवेट आपरेटर्स काम करना है, उन्हें सामान देने आदि की दिक्कतें सामने थीं, उनको दूर करने का काम किया गया और उन बातों को ध्यान में रखते हुए, उन समस्याओं को दूर करने के लिए हमने एक टास्कफोर्स बना दिया और स्ट्रीमलाइन करने का काम किया है। क्योंकि यह डिपार्टमेंट 1991-92 तक सीधे सरकारी डिपार्टमेंट के रूप में चल रहा था। 1991-92 के बाद एक नई पालिसी लाए। अभी मणि शंकर अय्यर जी और संतोा मोहन देव जी, प्राइवेट सैक्टर और रैवेन्यू शेयरिंग आदि सारी चीजें बता रहे थे। मैं कहना चाहता हूं कि आपने जो पौधा लगाया है हम तो उसी को सींच रहे हैं क्योंकि हम लोग तो उस समय उधर बैठने वाले और विरोधी लोग थे और हमेशा विरोध करते रहे थे, लेकिन जब आपने एक बार फ्लड गेट खोल दिया और फिर कहें कि खिड़की का दरवाजा बन्द रखो, तो वह होने वाला नहीं है। फ्लड गेट को खोल दिया। डी.ओ.टी. को भी लिया और प्राइवेट को भी लिया।...(व्यवधान)

**श्री लक्ष्मण सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि 1,53,000 करोड़ रुपए का जो घोटाला हुआ, उसकी जांच कराएंगे या नहीं?

**श्री राम विलास पासवान:** उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक-एक की तरफ आ रहा हूं। मैं पालिसी की बात कह रहा हूं। अच्छी बात है और मैं डिपार्टमेंट को भी कह रहा हूं कि यदि 50 साल में हर गांव में टेलीफोन लगा दिया होता, तो आज हम क्यों प्राईवेट सैक्टर के काम कराने की सोचते और कहते।

इसका मतलब है कि जो पब्लिक सैक्टर हैं या गवर्नमैंट के सैक्टर हैं, उसने अपनी जवाबदेही, दायित्व को निभाने का काम नहीं किया। इसका नतीजा यह हुआ कि आज सरकार को पालिसी चेंज करनी पड़ी। आज फ्री कम्पीटिशन है यानी सबको समान अवसर दो। उस कम्पीटिशन में अच्छाई भी है और बुराई भी है।

आपने आई. टी.आई. की बात कही। मैं जानता हूं कि आई.टी.आई. हमारा एक प्रैस्टीजियस इंस्टीट्यूशन है। लेकिन तीन साल पहले तक वही आई.टी.आई. घाटे में जा रहे थे। जब उनको पता चला कि अब तो फ्री कम्पीटिशन आ गया है और हमारी छंटनी होने वाली है तो अब वे जी-जान लगाकर काम कर रहे हैं। इस तरह वह तीन साल से मुनाफे में हैं। हालांकि वह मुनाफा पहले के बनिस्पत मुनाफे मे है लेकिन सारे खर्चों को देखें तो उसमें भी घाटे में चल रहे हैं। अभी हम नैनी, रायबरेली और बंगलौर आई.टी.आई. चैक करने गये। â€¦( <u>व्यवधान</u>)

यह बात सही है कि आई.टी.आई. की जो भी कैपेसिटी है, उसका हम उपयोग कर रहे हैं। उनको हम आर्डर देते हैं हालांकि हमारे सामने रिस्ट्रक्शन है तब भी हम आई.टी.आई. को 30 परसेंट देते हैं। उसके अलावा बढ़ते हैं तो प्राइवेट वाले कहते हैं कि सर, आप तो डिपार्टमैंट का हमारे ऊपर क्लच लगाये हुए हैं। जबकि आप कहते हैं कि हमने सबको समान अवसर दे दिया है फिर भी रिजर्वेशन किया हुआ है। इसलिए मैंने कहा कि ये कुछ समस्यायें हैं। लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि जो नया ट्रेंड आया है और जो पुराना ट्रेंड चल रहा था, दोनों में कम्युनिकेशन की जो स्ट्रीम लाइन होनी चाहिए, वह लाइन नहीं बन पायी। इस बात को हम भी स्वीकार करते हैं।

मैंने कहा कि हमारे पास दो डिपार्टमैंट हैं जिसमें से एक डाक विभाग है। हमारा डाक विभाग बहुत ही गरीब विभाग है। इसमें तकरीबन 87 परसेंट रुपया सैलरी वगैरह में चला जाता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा डाक विभाग के पास जो अपनी जमीन है, उनकी जमीन हर जिले में मिलेगी, उस पर उनको मकान बनाने के लिए साल में लगभग 17 से 25 करोड रूपये तक मिलते रहे हैं, केवल 25 करोड़ रुपये मिलते है जबकि किराये के मकान में 30 से 35 करोड़ रुपया देना पड़ता है।

उसी तरीके से हमारे पास 1,54,149 पोस्ट आफिस हैं। हमारे जो ई.डी. हैं, उनके लिए हम लड़ रहे हैं। हम गांव से आये हैं। हम जानते हैं कि गांव का जो पोस्टमैन है, उससे ज्यादा कोई मेहनत नहीं करता। एक-एक डाकिये को 5-7 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। हम लोग बचपन में देखते थे कि वह घुंघरू बांधकर और कंधे पर भाला लेकर दौड़ता रहता था। वह अंग्रेज के जमाने से काम कर रहा है। हम लेबर मिनिस्टर रहे हैं। जो लॉ कहता है, उसके मुताबिक जो काम परमानेंट नेचर का हो,

उसमें आप एडहॉक एप्वाइंटमैंट नहीं कर सकते हैं। उनको आप डेली वेजिज पर नहीं रख सकते हैं, आपको परमानेंट करना पड़ेगा। लेकिन फिर भी वे परमानेंट नहीं है। अभी भी उन्होंने नोटिस दिया हुआ है कि हम दो तारीख को आंदोलन करेंगे। हम जानते हैं कि उनकी मांगें जायज हैं। लेकिन प्रौब्लम यह नहीं है कि उनकी मांग क्या है?

जब हम रेल मंत्री थे तब 57 हजार कैजुअल लेबरर को हमने एक कलम से परमानेंट कर दिया था और कह दिया था कि 31 दिसम्बर के बाद यानी पहली जनवरी को जो भी मजदूर काम कर रहा है, यदि हमको यह मालूम हो गया कि उस कैजुअल मजूदर को परमानेंट नहीं किया गया है तो हम सीधे जनरल मैनेजर को सस्पैंड कर देंगे। अभी रुपचन्द पाल जी बैठे हुए हैं। 1990 में हमने कानून बना दिया था कि पहले प्रॉविडेंट फंड 30 दिन, 60 दिन या 6 महीने के बाद मिलता था। हमने कहा कि क्यों 60 दिन बाद मिलेगा। यदि मजदूर एक दिन भी काम करेगा तो उसे प्रॉविडेंट फंड का पैसा मिलेगा। हमारे आफिसर ने कहा कि यह कैसे होगा, आप 30 दिन का रखिये। हमने कहा कि क्यों 30 दिन का रखेंगे। आप रजिस्टर को मैनटेन करिये। वह काम अभी चल रहा है। जहां एक दिन भी मजदूर काम करता था, वहां उसको मिला है। जितने बीड़ी मजदूर थे, उनके लिए हमने कर दिया।

<u>20.00 hrs.</u>

हम चाहते हैं कि उनके लिए भी, जो हमारे ई.डी. कर्मचारी हैं, उनकी समस्या जायज समस्या है, उनके लिए हमने फाइल भी आगे बढ़ाई है, फाइनेंस मिनिस्टर को भी हमने लिखने का काम किया है, लेकिन हम जानते हैं कि सरकार के सामने भी लाचारी है।

**कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) :** थोड़ा लड़िएगा तो हो जायेगा।

**श्री राम विलास पासवान :** हमने कहा कि हम तो हैप्पिएस्ट मिनिस्टर होंगे। यदि वह लागू हो जाये तो हमसे ज्यादा खुशनसीब मंत्री कोई नहीं होगा, हम उस दिन हैप्पिएस्ट होंगे। हम उसे कर रहे हैं, लेकिन जो हालत है, जिसके लिए मैंने कहा कि जो गवर्नमेंट ने ओपन पॉलिसी बना दी, वह कम्पीटीशन की पॉलिसी है। अब ई मेल आयेगा तो गांव की चिट्ठी भी ई मेल के द्वारा जायेगी। इसलिए स्वाभाविक है कि फ्यूचर का प्रोस्पैक्टस तो गवर्नमेंट देखती है, वह फ्यूचर के अनुपात में देखने का काम करती है। आपने कह दिया कि डाकघर खोलने का क्राइटीरिया क्या है। डाकघर खोलने का पहले तीन क्राइटीरिया थे, तीन किलोमीटर दूरी होनी चाहिए, 3000 पोपुलेशन होनी चाहिए और इकोनोमिक क्राइटीरिया फुलफिल होना चाहिए, कम से कम 33 1/2 परसेंट उससे रेवेन्यू आनी चाहिए। हमने कह दिया कि रेवेन्यू वाले क्राईटेरिया पर पुर्नविचार किया जाए। 3 किलोमीटर तथा 3000 पापुलेशन वाले दो ही क्राइटेरिया रहने चाहिये । अब हमने रखा कि तीन किलोमीटर और 3000 पोपुलेशन होनी चाहिए, अब उसके अलावा हमने कह दिया कि जहां-कहीं 300 की आबादी है, हर 300 की आबादी वाले गांव में एक लैटर बॉक्स रखो। हमने कह दिया कि इस काम के लिये आवश्यक संख्या में बाक्स सब जगह डिस्ट्रीब्यूट किए जाएं। 300 से ज्यादा पोपुलेशन है तो उसको रखो। जो गांव का डाकिया है, गांव का पोस्टमैन चिट्ठी लेकर सब जगह जायेगा। हमने कहा कि उसके पास थोड़े स्टैम्प दे दो, थोड़े एनवेलप दे दो और 10 परसेंट, पांच परसेंट, जो भी डिपार्टमेंट चाहे, कमीशन दे दे, क्योंकि हम उससे एक्स्ट्रा कामलेंगे तो एक्स्ट्रा पैसा हमें उसे देना पड़ेगा। उससे लोगों को बचत हो जायेगी कि लोगों को वहां से नदी नाले पार करके दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा। हमारे एक साथी ठीक कह रहे थे कि तीन किलोमीटर का मामला भी देखना पड़ेगा, स्पेशल केस उसके लिए बनाना पड़ेगा। तीन किलोमीटर में तीन नदी हैं, कोसी के इलाके में या कहीं रेगिस्तान का इलाका है, पहाड़ का इलाके में ऊपर डाकखाना है और नीचे गांव है तो तीन किलोमीटर चढ़ने और जाने में तीन दिन लगते हैं। ये समस्याएं हैं, लेकिन जैसा मैंने कहा कि जन्म भर के कोढ़ को एक बार में साफ नहीं कर सकते। दुर्भाग्य से जब हम आये हैं तो सारा का सारा गवर्नमेंट का कम्पीटीटिव युग आ गया है। अब इस कम्पीटीटिव युग में हर चीज को मुनाफे के दृटिकोण से देखा जा रहा है और जो हमारा वैलफेयर स्टेट का कन्सैप्ट था, वह वैलफेयर स्टेट का कन्सैप्ट पीछे चला गया है। अब हम कम्पिटीशन के युग में आ गये हैं, आ गये हैं तो जो मुनाफा कमाकर देता है तो अब आपका इंडियर एयरलाइंस है, सहारा एयरलाइंस है, जेट एयरलाइंस है, उसमें कम्पीटीशन है। कम्पीटीशन में इंडियन एयरलाइंस में भी सुधार आ रहा है। सुधार नहीं आयेगा तो खत्म हो जायेगा। उसी तरह से एक कम्पीटीशन युग में हम बह चुके हैं। जहां तक आपने कहा कि जो मामला डाक विभाग का है। डाक विभाग में हम अपनी मोनेटरिंग कर रहे हैं, उसमें चिट्ठी का मामला भी है। हमारा डाक विभाग का जो अपना टेलीकॉम डिपार्टमेंट है, उसके तीन-चार बंडल दिल्ली में बिल के पकड़ाये गये, वे बिल कूरियर सर्विस से पकड़ाये गये। वह डिपार्टमेंट का नहीं था, कूरियर सर्विस का था, मैंने अपने डिपार्टमेंट वालों से पूछा कि कूरियर सर्विस को कितना पैसा मिलता है तो कहने लगे कि कूरियर सर्विस को तीन गुना, चार गुना ज्यादा मिलेगा। हमने कहा कि तीन गुना, चार गुना ज्यादा मिलता है तो उतना ही पैसा तुम अपने डिपार्टमेंट को क्यों नहीं देते हो। कभी-कभी हम लोगों को इस बारे में सोचना चाहिए। हमारी अपनी कार की इंडस्ट्री है, जो मारुति कार है, लेकिन हम उसका उपयोग नहीं करेंगे, हम प्राइवेट कार का उपयोग करते हैं। इसलिए हमारा अपना डिपार्टमेंट है, उस डिपार्टमेंट को कैसे बढ़ावा दिया जाये, इसके लिए मैंने कहा कि हम हर सम्भव कोशिश करने का काम कर रहे हैं।â€¦( <u>व्यवधान</u>)

अभी तो इनका मेन पाइंट तो आया ही नहीं है। एम.पी. फंड का मामला है। आपने कहा कि एम.पी. फंड का पैसा इसमें देना चाहिए। उसके लिए मैंने भी सोचा है। गांवों में जहां-जहां हमारे डिपार्टमेंट का पोस्ट आफिस है, ब्रांच पोस्ट आफिस है, सब पोस्ट आफिस हैं,

या हैड पोस्ट आफिस हैं, जहां सरकारी कर्मचारी हैं, वहां यदि जमीन है, मैं स्पीकर साहब से आग्रह करूंगा कि एम.पीज़. के फंड से वहां उसका उपयोग हो जाए।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** गाइडलाइंस में है कि सरकारी आफिस किसी भी हालत में वहां नहीं बनेगा।

**श्री राम विलास पासवान :** मैंने कहा कि उसको बदलना पड़ेगा, जैसे स्कूल का भवन है, उसमें भी देते हैं, वह भी सरकारी होता है। जब स्कूल के भवन में देते हैं तो इसमें क्या दिक्कत है।

**श्री रूप चन्द पाल :** रेलवे में लेवल क्रासिंग का शुरू हो गया है।

**श्री राम विलास पासवान :** गाइडलाइंस कोई कोर्ट ने नहीं बनाई हैं, यहां से बनी हैं। स्पीकर साहब से कहकर चेंज किया जा सकता है। अभी मैंने 300 से अधिक आबादी के गांवों के बारे में कहा है कि वहां लैटर बाक्स रहेगें ।

टेलीकॉम विभाग की जहां तक बात है। पिछला वित्त वा खत्म हो गया है। हम नए वित्त वा में हैं। हमें संतोा भी है और कहीं-कहीं दुख भी है। संतोा इस बात का है कि जो हमारा लक्ष्य है, विलेज पब्लिक टेलीफोन को छोड़कर, वह हमने सारा का सारा पूरा कर लिया है। 13 अक्तूबर को मैं मंत्री बना था, उस दिन तक 3000 गांवों में टेलीफोन लगा था। हमारा लक्ष्य था कि 1999-2000 में हम 45,000 गांवों में टेलीफोन लगा देंगे। इसको लेकर मैं बहुत चिंतित था। पांच महीनों के अंदर हमने 33900 गांवों में टेलीफोन लगा दिए हैं। इसी प्रकार जो स्विचिंग केपेसिटी थी, उसका लक्ष्य 5870000 रखा था, हमने उसके अगेंस्ट 6717317 एचीव किया है। इसी तरह से टेलीफोन कनेक्शन का लक्ष्य 45,50,000 रखा था, उसके अगेंस्ट हमने 49,17,659 एचीव किया है। इस तरह आप देखेंगे कि हमने अपने लक्ष्य से आगे बढ़कर एचीव करने का काम किया है। टेलीफोन डेंसिटी का सवाल उठाया गया। वह बहुत कम है। अभी 2.6 है, लेकिन हम पिछले साल से बढ़े हैं। ग्रामीण इलाकों में इसकी एवरेज 0.6 प्रतिशत है। इंग्लैंड में पूरे देश की एवरेज देखेंगे तो 100 आदमियों में लगभग 56 लोगों के पास टेलीफोन है। हमारे यहां 2.6 हुआ है। हम लोगों ने लक्ष्य रखा है कि 2005 तक गांवों का लक्ष्य 100 व्यक्तियों पर 4 व्यक्ति कर देंगे और 2005 तक जनरल एवरेज 100 लोगों पर सात के पास टेलीफोन होना चाहिए।

2010 में 100 लोगों पर 15 टेलीफोन करने का लक्ष्य है। यह सरकार के बलबूते से बाहर है, यह मैं मानता हूं। इसके लिए प्राइवेट सेक्टर का भी सहयोग लेना पड़ेगा। इसलिए जो भी सम्भव उपाय हैं इस बारे में, हम कर रहे हैं। आपने सही कहा कि प्राइवेट लोगों को देने की कोशिश कर रहे हैं, रेवेन्यू शेयरिंग का सवाल उठाया कि 1.8 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। ये पैसा कौन दे रहा था, कोई भी नहीं दे रहा था। हम लोगों ने नई पालिसी बनाई, 35 प्रतिशत बैकलॉग था, वह 35 प्रतिशत लोगों ने पे कर दिया है। उसके पहले तो सब मुकदमें में जा रहे थे।

जिन लोगों को एक साल का लाइसेंस दिया है और एक साल की लाइसंस फी के बाद सब लोग मुकदमेबाजी में फंस गये थे। नतीजा यह हो रहा था कि कोई काम आगे नहीं बढ़ रहा था। हम बाद में उस पर आएंगे। ...(व्यवधान) हमारे पास वेटिंग लिस्ट 36 लाख 80 हजार है और यह भी सही है कि सबसे ज्यादा हमारी वेटिंग लिस्ट केरल में है। संतोा मोहन देव जी यहां बैठे हुए हैं, भूतपूर्व मंत्री रह चुके हैं और सबसे बड़े-बड़े पदों पर वह रह चुके हैं, सबको मालूम है कि केरल की पोजीशन क्या है। जो वहां यूनियन का मामला है, जैसे बिहार का मामला अलग है। बिहार में हम मानते हैं कि यदि कहीं छपरा का टेंडर निकलने वाला होगा तो डर के मारे दिल्ली या पटना में टेंडर निकालेंगे नहीं तो वहीं गोली चलाना शुरु कर देंगे। मान लीजिए चार आदमी हैं वे कहेंगे कि या तो हमारा टेंडर रहेगा नहीं तो कुछ नहीं होगा। वहां की बात अलग है।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** बिहार का मामला अलग है।

**श्री राम विलास पासवान :** वही हम कह रहे हं। ठेकेदारी की बात कर रहे हैं। हम और आप कोई थोड़ी गोली चला रहे हैं। इसी तरह से केरल का मामला है। जो हमारी नयी टेक्नॉलोजी डब्ल्यू.एल.एल. और मार सिस्टम है, आपने कहा कि हमने गांव मे टारगेट रखा, जैसे 45000 टारगेट रखा है, पहले 70000 रखा था। इस बार टारगेट एक लाख रखा है और एक लाख टार्गेट को हम दिन के हिसाब से जोड़ते हैं। साल में 365 दिन होते हैं तो दो साल में 730 दिन हुए। प्रति दिन के हिसाब से कितने गांवों में लगेगा और हम मोनिटर कर रहे हैं। हमने विलेज और अर्बन एरियाज के लिए अलग-अलग टास्क फोर्स बना दी है। अपने मंत्रालय के अंदर ग्रीवेंस सैल के लिए हमने एक अलग प्रबंध किया है जिसका मैं स्वयं इंचार्ज हूं और मैं दावे के साथ कहता हं कि इसका एड्वर्टाइजमेंट निकलता है। हमारे यहां ग्रीवेंस सैल में कम से कम चार सौ पांच सौ चिट्ठी आती है। चौबीस घंटे में एक नहीं पच्चीस लाइनें लगी होती हैं और जब इन लाइनों के आधार पर मामला आता है और उसके आधार पर एक्शन भी लेते हैं। कभी मिनिस्टर के यहां से काम आ गया। पटना का एक बार मामला आया कि वहां तीन महीने से टेलीफोन खराब है और जब हमारे यहां सैल में मामला आ गया तो दस मिनट में टेलीफोन ठीक हो गया। हमने संबंधित व्यक्ति को उसी समय ससपेंड कर दिया। जब दस मिनट में टेलीफोन ठीक हो सकता है तो तीन महीने से टेलीफोन क्यों खराब है ? केबल वाला मामला भी आपको मालूम है। केबल में तीन फीट गाढ़ने का नियम है लोकन एक फीट ही गाढ़ते हैं। कितने केस हमने सी.बी.आई. को भेज दिये। कितने लोगों को हमने सस्पेंड कर दिया। अभी आप लोग भी बताइए, इस पर जरूर एक्शन लिया जाएगा।

एक माननीय सदस्य ने बहुत अच्छी बात कही। जिस अफसर को तीन साल से अधिक हो जाता है तो वह एक जगह पर अपनी खोह बना लेता है और जब खोह बना ली और ट्रांसफर हो गया तो फिर कभी किसी यूनियन में गया, कभी किसी एम.पी. को पकड़ा, इस तरह से किया जाता है। मैं आप लोगों से प्रार्थना करूंगा कि अभी तक ट्रांसफर और पोस्टिंग के मामले हमने रोके हुए हैं। हमने सभी अफसरों को कह दिया कि हम मार्च और अप्रैल के महीने में एस.एस.ए. लैवल से लेकर सी.जी.एम. लैवल की बैठक बुलाएंगे और इस बैठक में सबके कार्य के बारे में, प्रोग्रैस के बारे में जानकारी ली जाएगी। चूंकि एस.एस.ए. लैवल से नीचे से लेकर ऊपर तक का अलग-अलग बना हुआ है। अभी हम देखते हैं कि मुजफ्फरपुर में सबसे कम प्रोग्रैस हुई है, 39 प्रतिशत प्रगति हुई है। यह पूरा का पूरा पड़ा हुआ है। हाजीपुर में हम अचीवमेंट नहीं कर पाए हैं और बगल में पूर्वी उत्तर प्रदेश में जितने भी माननीय सदस्य हैं, हर चीज में, सौ में से सौ प्रतिशत अचीवमेंट हो गया है, जैसे गांव में टेलीफोन 5000 लगने हैं तो वहां भी 5000 हो गये हैं। जहां मानते हैं कि डी.ई.एल. है वहां भी पूरा होने का काम हो गया है।

मैंने कहा कि जो गांव का मामला है, हम गांवों के ऊपर जोर दे रहे हैं। इस बार हमने गांवों में एक लाख का टारगेट रखा है। आपने मार वाला मामला उठाया। हमारा डिपार्टमेंट कहता है कि मार में हमारा केवल 10-15 प्रतिशत फोन खराब हैं, लेकिन मैं हकीकत में जानता हूं कि 70-80 प्रतिशत खराब हैं। तीन लाख गांवों में लगे हुए हैं, उनमें से 2 लाख 11 हजार गांवों में फोन मार सिस्टम के अंतर्गत हैं। इन सब को हमने बदलने का निर्णय लिया है, इस साल हम एक लाख दस हजार गांवों में बदलने जा रहे हैं और उसे WLL ( वायरलैस और लूप लाईन) के माध्यम से बदलने जा रहे हैं। अभी तक जो सबसे बढ़िया लेटेस्ट इक्विपमेंट है, वह WLL है, एक जगह पर लगा दिया जाए तो 25 किलीमीटर, चारों तरफ उत्तर-दक्षिण कहीं आपको लाईन ले जाने की जरूरत नहीं है। आप जाकर बाढ़ के इलाके में लगा दीजिए तो पूरा जिला कवर हो जाएगा, पहाड़ी इलाके में लगा दीजिए तो वहां भी कवर हो जाएगा, चाहे रेगिस्तान के इलाके में लगा दीजिए। दिसम्बर से वह सिस्टम काम करने लगेगा। अभी तक वह पायलट प्रोजैक्ट के ऊपर टेस्टिंग में था, लेकिन अब टेस्टिंग खत्म हो गया है। अब उसका टैंडर निकलेगा और नवम्बर, दिसम्बर से काम होना शुरू हो जाएगा। अभी तक पैसेंजर की रफ्तार से गाड़ी चल रही थी लेकिन अब हमें उसे राजधानी की रफ्तार से चलाना है। हमें मार सिस्टम को भी बदलना है और एक लाख गांवों में नये फोन लगाने हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि इस साल में हम उन गांवों में फोन लगा दें। फ्रंट लोड इतना बढ़ा दें कि अगले साल के लिए हमने जो कहा है कि अगले साल में हमारा टारगेट कम बचे। इसके लिए हम प्रोविजन कर रहे हैं, उसी तरीके से हमने निर्णय लिया है।

अभी हमारे एक साथी इंटरनेट के बारे में कह रहे थे। हमने इंटरनेट का निर्णय लिया है। 15 मई तक जितने भी एसएसए आफिस पूरे देश में हैं, अधिकांश जिलों में एसएसए के आफिस हैं, वहां इंटरनेट लग जाएगा। 15 अगस्त तक कोई भी जिले का हैड क्वार्टर नहीं बचेगा, जिस जिले के हैड क्वार्टर को हम इंटरनेट से जोड़ने का काम नहीं करेंगे। 15अगस्त तक कोई भी ब्लाक हैड क्वार्टर नहीं रहेगा। जी, आपको शायद पता नहीं होगा कि बिहार में 211 ब्लाक हैड क्वार्टर्स हैं, जहां फोन नहीं हैं, एक्सचेंज आफिस नहीं है। हमने कहा है कि 15 अगस्त तक जितने भी ब्लाक हैड आफिस हैं उन ब्लाक हैड आफिस में हम लगाएंगे। उसके बाद इतना ही नहीं, बल्कि हमने यह भी कहा है कि जहां-जहां भी ब्लाक आफिस से इंटरनेट का डिमांड आएगा, हम वहां इंटरनेट लगाने का भी काम करेंगे।...(व्यवधान)

**श्री रूपचन्द पाल :** निकनेट तो है नहीं, यह प्लानिंग कमीशन का निर्णय है। उन्होंने निर्णय ले लिया। यह पुराना निर्णय है कि हम हिन्दुस्तान के हर जिले में कलेक्टर के आफिस में कनैक्ट कर देंगे, जो उसने कनैक्ट कर दिया, उसका निर्णय ब्लाक तक ले जाने के लिए था। दूसरी बात यह है कि वीएसएनएल सरकारी अंडरटैकिंग है, वह प्राइवेट इंटरनेट प्रोवाइडर हैं। आप किस का इस्तेमाल इंटरनेट को स्प्रेड करने के लिए करेंगे- वीएसएनएल का, निकनेट का या आपरेटर का।...(व्यवधान)

**श्री रामविलास पासवान :** मैं आपको बताता हूं कि जो पहले टारगेट था, आप आम खाएंगे तो कौन सा आम खाएंगे।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Order please.

...(*Interruptions*)

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): This is very important because the Standing Committee has made a scathing comment on the opening of the gateway.

**श्री रामविलास पासवान :** रूपचन्द पाल जी, मैं आपको बताता हूं। आपने टेरिफ का मामला उठाया, कुछ साथियों ने ट्राय का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि

पहले तो ट्राय बना ही नहीं, आपने बना लिया और बनाने के बाद खत्म कर दिया।

SHRI RUPCHAND PAL : I had one thing about the internet service. Which service are you going to provide? Will it be VSNL, Nicnet or a private operator?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Prof. Pal, you know before you speak, the hon. Minister has to yield. He has not yielded.

SHRI RUPCHAND PAL : He has yielded, Sir.

**श्री राम विलास पासवान :** आप यह कह रहे हैं कि कौन प्रावधान करेगा? डी.टी.एस. प्रावधान करेगा। अब आप संतुट हैं। डी.टी.एस. इंटरनेट प्रोवाइड करेगा। आपको जितनी सिक्योरिटी की चिंता है उतनी ही हमें भी है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Minister, please address the Chair. There are no bilateral dealings here.

**श्री राम विलास पासवान :** साउथ के स्टेट्स के लिए हमने निर्णय लिया है कि हमारे साउथ के पांच स्टेट्स हैं तमिलनाडु, केरल, अंडमान-निकोबार और दो स्टेट्स और हैं, उन पांच स्टेट्स में 15 अगस्त तक हर गांव में टेलीफोन के टार्गेट को पूरा कर देंगे। उसी तरीके से हमारा टेलीफोन ऑन डिमांड 13 स्टेट्स में चल रहा है, वह टार्गेट भी हम पूरा कर देंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: What about Lakshadweep?

**श्री राम विलास पासवान :** उसी तरीके से हमारा टेलीफोन ऑन डिमांड 13 स्टेट्स में चल रहा है, वह टार्गेट भी हम पूरा कर देंगे।

SHRI SONTOSH MOHAN DEV : I think, the hon. Minister has not heard the hon. Deputy-Speaker.

**श्री राम विलास पासवान :** लक्षद्वीप का हम पता लगा लेते हैं, अगर लक्ष्य से थोड़ा उधर रहा तो उसको भी जोड़ देंगे। आप डब्ल्यू.एल.एल. आने दीजिए, उपाध्यक्ष जी, मैं आपके लक्षद्वीप में सबसे पहले दे दूंगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Andaman & Nicobar Islands, Lakshadweep and Ladakh are the far flung areas where you have to take special care.

SHRI VAIKO (SIVAKASI): We are thankful to the hon. Minister on behalf of our State Tamil Nadu.

**श्री राम विलास पासवान :** इतना ही नहीं बल्कि साउथ के जितने भी राज्य हैं उनके लिए हमने 2001 तक हर गांव में टेलीफोन लगाने का टार्गेट रखा है। जितने भी बैकवर्ड इलाके हैं उन्हें आईडेंटिफाई करके उनमें भी लगा दें। हम चिंतित हो जाते हैं कि हमारी वेटिंग लिस्ट बढ़ रही है। हमको चिंता होती है यदि हमारी वेटिंग लिस्ट दो-तीन साल से है। जैसा एक सदस्य ने बताया कि पैसा जमा करते हैं तो उनको सूद पैसे पर मिलता है। लेकिन इस बात से हम संतुट नहीं हैं। जब हम टेलीफोन नहीं दे सकते हैं तो पैसा क्यों लेते हैं। दिल्ली में कहा जाता है कि तकनीकी तौर पर यह एरिया फिजीबल हुआ नहीं है। क्यों फिजीबल नहीं है, हम उसके लिए प्रयत्नशील हैं। यह बात भी होती है कि एम.पी. का या मिनिस्टर का रिकमेंडेशन होने के बावजूद भी टेलीफोन नहीं लग पाया है।

SHRI E. AHAMED: May I ask one question?...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Minister is not yielding.

...(*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI: May I request the hon. Member to kindly look at the watch...(*Interruptions*) We are getting late.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ahamed, he is not yielding, how can you ask a question.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: There is an established convention that whenever any Member wants to seek clarifications, the Minister should yield first.

SHRI E. AHAMED: Sir, the hon. Minister is not yielding, what can I do?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Then what can I do here?

**श्री राम विलास पासवान :** उपाध्यक्ष जी, दो मुख्य बातें हैं। एक तो माइग्रेशन पैकेज के संबंध में और एक शंखवाहिनी के संबंध में। मैं विस्तार में न जाकर मुख्य बातें आपके सामने रखूंगा।

माइग्रेशन पैकेज के सम्बन्ध में जैसा सब को मालूम है और खास तौर पर माननीय सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया, उनको मालूम है कि 24 अक्तूबर 1998 को फिक्की की बैठक में प्रधान मंत्री ने इसकी घोाणा की थी। 20 नवम्बर 1998 को जी.ओ.टी ग्रुप ऑन टेलीकाम का गठन हुआ जिसके डिप्टी चेयरमैन उस समय प्लानिंग कमीशन के उपाध्यक्ष थे। 16 मार्च 1999 को जी.ओ.टी. की सिफारिश के आधार पर न्यू टेलीकॉम पालिसी 1999 बनी। 26 मार्च 1999 को कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति दे दी। 1 अप्रैल 1999 से एन.टी.पी. लागू हो गई लेकिन यह नए ऑपरेटर्स के लिए थी। जो पुराने ऑपरेटर्स काम कर रहे थे, उनके सामने आर्थिक समस्याएं थी। कोर्टबाजी हो रही थी। सरकार इस समस्या का निश्चित रूप से निदान करना चाहती थी। इस सम्बन्ध में अप्रैल 1999 में एटर्नी जनरल से राय मांगी गई। उसने

16.6.99 को अपनी राय दे दी। उनकी राय के बाद 6 जुलाई 1999 को कैबिनेट ने उसे एप्रूव कर दिया। 22 जुलाई 1999 को विभाग ने पत्र लिख कर मौजूदा सेल्यूलर ऑपरेटर्स और बेसिक आपरेटर्स को पैकेज ऑफर किया। 1 अगस्त 1999 को कटऑफ डेट शुरु हो गया और लाइसेंस फीस की जगह रेवेन्यू शेयर शुरु हो गया। जो एंटी फीस था, 31 जुलाई 1999 तक जो बकाया राशि थी, वह वन टाइमएंट्री फीस मानी गई। 31 जुलाई तक की बकाया राशि की एंट्री फीस का 35 प्रतिशत 15 अगस्त 1999 तक भुगतान करने का प्रावधान रखा गया। शे 65 परसैंट राशि 31 जनवरी 2000 तक सूद के साथ जमा करने का प्रावधान रखा गया। बाद में उसे बढ़ा करके 15 मार्च कर दिया। जो बैंक की गारंटी आवश्यक थी , वह भी पहले 30 नवम्बर 1999 तक दी जानी थी। बाद में उसे बढ़ा कर 31 दिसम्बर 1999 कर दिया। उसे फिर बाद में बढ़ा कर 29 फरवरी 2000 तक दिया गया। 15 परसैंट रेवेन्यू शेयरिंग एडहॉक रखा गया है। आप रेवेन्यू शेयरिंग का सवाल उठा रहे हैं, वह सब को मालूम है कि वह मेरा दायित्व नहीं है। रेवेन्यू शेयरिंग का मामला टी.आर.ए.आई. के पास पड़ा है। टी.आर.ए.आई. जो सिफारिश करेगी, उसके आधार पर हम निर्णय लेंगे। जो पुराना टी.आर.ए.आई. था, सरकार ने उसे इसलिए बदलने का काम किया क्योंकि पुराना टी.आर.ए.आई. दोनों काम कर रहा था। वह सिफारिश और जज का भी काम कर रहा था। वह एक तरफ सिफारिश करता था और उसे कोई नहीं मानता था तो फिर उन्हीं के पास कोर्ट में जाता था। उसके आधार पर टी.आर.ए.आई. को दो भागों में बांटा गया। जो पुराना टी.आर.ए.आई. था, उसे बदल कर टी..आर.ए. आई. रखा गया और एक एपीलेट ट्रिब्यूनल रखा गया। जो एपीलेट ट्रिब्यूनल है, उसके पोस्ट लिये जो सुप्रीम कोर्ट के चीफ जसटिस हैं, उनसे हमारी बातचीत हुई है। उनसे विचार-विमर्श करने के बाद उनसे कहा हम नहीं चाहते कि डी.ओ.टी. को किसी भी रूप में प्रश्नवाचक चिन्ह लगे। हमने उनसे कहा कि जो भी निपक्ष नियुक्ति का नियम है, उसे फॉलो किया जाए। उसमें चेयरमैन होंगे. जो हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस या सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज या दूसरे जज होंगे। उनको इसमें रखा जाएगा। यह मामला कुछ दिनों में फाईनालाइज होने वाला है। टी.आर.ए.आई. का गठन हो चुका है। टैरिफ से लेकर सारे मामले उनके जिम्मे होंगे। उनको सिफारिश करना है कि जो रेवेन्यू शेयरिंग है, वह 15 परसैंट रहेगा या कितना रहेगा?

जहां तक यूनिवर्सल ऑब्लिगेशन का सवाल है,, यह उसका नाम है। हम चाहते हैं कि उसका नाम बदल कर बैकवर्ड एरिया डैवलपमैंट रखा जाए जिससे आम आदमी उसे समझे। जैसा हमारे साथी ने कहा कि आज गांव में कोई आदमी टेलीफोन लगाने जाना नहीं चाहता है। आपने ठीक कहा कि पिछले तीन साल में प्राइवेट वालों ने पांच पांडव के समान पांच गांवों में उसे लगाया। उसके बाद अभी 12 गांवों में लगाया है क्योंकि उन्हें लग रहा है कि इसमें घाटा है। अभी हमने अपने मित्र सिकदर साहब की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी। हमारी प्राइवेट ऑपरेटर्स से दो बार बात हुई है और उन्होंने कहा है कि इस अप्रैल के महीने से काम में तेजी लाने का प्रयास करेंगे। लेकिन इतनी बात सही है कि जो रेवेन्यू शेयरिंग आया है उससे उनका थोड़ा मनोबल बढ़ा है और वे आगे काम कर रहे हैं। इस परिस्थिति में जो टी.आई.ए.आई. के जिम्मे जो मामला है, उसके बारे में दो ओपिनियन्स हैं। कुछ लोग चाहते हैं और उसमें कांग्रेस पार्टी भी सम्मिलित है, वह रैगुलेटर को बिल्कुल इंडिपेंडेंट रखना चाहती है। कम्यूनिस्ट पार्टी के अलग व्यूज हैं। जैसा कि मैंने कहा कि हमने बहुत सी चीजें इनहैरिट की हैं, बहुत सी चीजें हमने इनसे ली हैं....(व्यवधान)

**श्री रूपचन्द पालः** आप अभी शेयर कर रहे हैं।

**श्री राम विलास पासवानः** हम उसे बंद भी नहीं कर सकते हैं। इसलिए मैंने कहा कि जो रेवेन्यू शेयरिंग की ऑपरेटर्स द्वारा बैंक गारंटी की रकम पहले निकाल ली गई है, उसे पुनः एलाइव करना होगा, ये सारे का सारा शर्त में था। न्यू टेलीकॉम पालिसी में एक शर्त यह थी,

किसी सेवा क्षेत्र में जब एक आप्रेटर पुरानी लाईसैंस व्यवस्था में कार्य करता है तो दूसरे आप्रेटर्स को भी पुरानी लाइसैंसिंग व्यवस्था के अनुसार काम करना होगा। अब डूयो-पोली की जगह मल्टी-पोली लाइसैंसिंग सिस्टम शुरु हो जायेगा। जो दो ही था, उनकी जगह अब कम्पीटीशन अधिक होगा। बेसिक आप्रेटर्स, जिनकी लाइसैंसिंग अवधि पहले 15 साल की थी, उन आप्रेटर्स की लाइसैंसिग फी अवधि 20 साल कर दी गई है। पुराने सैल्युलर आप्रेटर्स की लाइसैंस की अवधि 10 साल से बढ़ाकर 20 साल की गई है ताकि दोनों में समरूपता आये। इसके अलावा बकाया लाइसैंसिंग फी जो 31.7.1999 तक भी उस से 6 माह के लिये effective date बढ़ा दी गई है। वैसे तो बहुत से पांइट्स हैं जिनमें मैं विस्तार से नहीं जाना चाहता लेकिन मैने जैसा कहा कि जरूरत इस चीज की है और आप बार बार सवाल उठा रहे हैं कि इसमें हमें एक लाख करोड़ रुपया मिलता या 25 हजार करोड़ रुपया मिलता। हमें कौन देने वाला है? हमारे पास पूरा पूरा फैक्ट्स है कि पहले साल में आपको कितना देना था, दूसरे साल में कितना देना था, तीसरे साल कितना देना था और चौथे साल कितना देना था। जो आपका लाइसेंस रिसीट प्राब्लम फ्राम मैट्रो सेल्युलर लाइसेंसी, मुम्बई में पहले साल 3 करोड़, दूसरे साल 6 करोड़, तीसरे साल 12 करोड़ और चौथे साल से आगे लाइसैंसिंग फी रू. 6.023 लाख प्रति 100 उपभोक्ता होगी। इसी प्रकार मैं समझता हू कि दिल्ली के लिये 2,4,8,

**श्री मणि शंकर अय्यर ;** आपने किस हिसाब से दिया है, मैंने भी लगाया है।

**श्री रामविलास पासवान;** अब आप सात साल का हिसाब लगा लीजिये।

**श्री मणि शंकर अय्यर :** हिसाब के बारे में हमने आपको बता दिया है। यदि आपने भी हिसाब नहीं किया है तो मैं आपको बताता हूं।

**श्री राम विलास पासवान;** मैं वही कह रहा हूं। उनके सामने यह प्राब्लम थी कि तीन साल के बाद इस मैथड में कोई आप्रेटर काम नहीं कर पाता और एक साल लाइसेंस फ्री सर्कल में रख दिया और एक साल के बाद लाइसेंस फीस दूसरे साल में नहीं दिया। उसके कारण सरकार को अपनी पालिसी बदलनी पड़ी। यदि सरकार पालिसी नहीं बदलती तो दो करोड़ छोड़िये, दो रुपये आने वाला नहीं था। कोर्ट में मामला चला जा रहा था।â€¦( व्यवधान)

**श्री मणिशंकर अय्यर** उपाध्यक्ष महोदय, यह एक अहम विाय है और ये कह रहे हैं कि दो रुपये भी नहीं मिलते। जब कांट्रेक्ट वालों ने साइन किया था और जिसके आधार पर प्रतिज्ञा की थी कि 20 साल के अंदर देंगे, फिर यह कैसे हो सकता है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is not yielding.

...(*Interruptions*)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): Sir, the Minister's job is to answer our questions. If he does not answer our questions, it is our duty to remind him about the questions we raised.

**श्री राम विलास पासवान;** उसी तरीके से सांख्यवाहिनी का मामला इन्होंने उठाया है। इसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 19.1.2000 को स्वीकृति दे दी थी। जो भी पाइंट्स हमारे पास आये हैं, चाहे इंडिविजुअल के माध्यम से आये होंâ€¦( व्यवधान)

**श्री लक्ष्मण सिंह ;** उपाध्यक्ष महोद्य. मैं पूछना चाहता हूं...

.MR. DEPUTY-SPEAKER: He is not yielding.

**श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज);** उपाध्यक्ष महोद्य, यह शुरु से कांग्रेस पार्टी का घोटाला है।।

**श्री प्रभुनाथ सिंह ;** उपाध्यक्ष महोद्य, घोटाला कांग्रेस के राज में हुआ...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Prabhunath Singh, please let him complete.

**श्री राम विलास पासवान;** मैं मेन पाइंट बतलाना चाहता हूं कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 19.1.2000 को जाइंट वैंचर की कम्पनी आई.यू. नेट कारनेगीमेलोन मेरठ विश्वविद्यालय के अधीन जो स्थापित कम्पनी है, इन्होंने कहा कि कम्पनी की स्थापना बाद में हुई जब दोनों तरफ के लोग मिले। मिलने के बाद यह तय हुआ कि सब एक नई कम्पनी बनायेंगे और जो नई कम्पनी का नाम होगा, उसके मुताबिक वे कर सकेंगे और जो उसका कारोबार शुरु कर सकता है, उसके आधार पर तय किया। उसमें इलैक्ट्रोनिक्स विभाग और शैक्षणिक संस्थायें हिस्सेदार होंगी। इसमें संचार विभाग का हिस्सा 45 परसेंट रहेगा, 4 परसेंट भारत की शैक्षणिक संस्थाओं का, 2 परसेंट सरकार के इलैक्ट्रानिक विभाग का होगा और इसमें 49 परसेंट हिस्सा आयुर्नेट की होगा। इस तरह से सरकार की हिस्सेदारी 51 परसेंट होगी। जो इस कमेटी में मैम्बर्स थे, उसमें डिफेंस डिपार्टमेंट लेंगेâ€¦( व्यवधान)

**श्री मणिशंकर अय्यर** वे आपके डिपार्टमेंट के थे।

**श्री राम विलास पासवान :** श्री अरुणाचलम, जो सात साल तक डिफेंस मिनिस्ट्री में भारत सरकार के सलाहकार रहे, वह नहीं हैं â€¦( व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is not yielding.

...(*Interruptions*)

**श्री राम विलास पासवान :** इसके बाद यह कम्पनी देश में हाई स्पीड डाटा नैट्वर्क स्थापित करेगी और इसका प्रयोग शैक्षणिक संस्थाओं, निजी तथा सरकारी उद्यम, विभिन्न व्यक्तियों के प्रशिक्षण एवं शोध के लिये किया जायेगा। कम्पनी की स्थापना के फलस्वरूप हाई स्पीड डाटा नैट्वर्क में रिसर्च एवं डेवलपमैंट के काम को प्रोत्साहन मिलेगा। इस परियोजना के बारे में जो आपने अभी कहा कि इसमें इंडियन टेलीग्राफ एक्ट का इसमें उल्लंघन हुआ है और उनका लाइसेंस टेलीग्राफ एक्ट के अधीन दिया जायेगा।

â€¦( व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please, let there not be a running commentary.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is not yielding.

**श्री राम विलास पासवान :** इसमें कंपनी एक्ट का उल्लंघन हुआ है - नहीं। मैं यहां जो चीज कह रहा हूं वह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं। â€¦( व्यवधान)

**श्री मणि शंकर अय्यर :** देश का पैसा हैâ€¦( व्यवधान)

SHRI E. AHAMED (MANJERI): Sir, he is not replying to the points raised by the hon. Members. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : You please hear the hon. Minister.

...(*Interruptions*)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Sir, the hon. Minister is not answering the questions raised by me. ...(*Interruptions*)

**श्री राम विलास पासवान :** आपने प्रश्न पूछा है तो सुनियेâ€¦( व्यवधान)

**डा.रघुवंश प्रसाद सिंह :** जाली कंपनी हैंâ€¦( व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** सर, मैं इनका एक-एक प्वाइंट नोट करता गया हूं। मैं उनका जवाब दे रहा हूं। यदि मैं गलत बोलूंगा तो इन्हें मुझसे कहने का अधिकार हैâ€¦( व्यवधान)

SHRI SONTOSH MOHAN DEV : If you do not yield, then we will walk out. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Hon. Members may please wait.

...(*Interruptions*)

2038 hours

*(At this stage, Shri Sontosh Mohan Dev and some other hon. Members left the House.)*

SHRI RUPCHAND PAL : Sir, we are not satisfied with the reply. We are walking out.

2038 hours

*(At this stage, Shri Rupchand Pal and some other hon. Members left the House.)*

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** हम इनके जवाब से संतुट नहीं हैं, इसलिए हम सदन से वाक आउट कर रहे हैं।

2039 बजे

(तत्पश्चात डा. रघुवंश प्रसाद सिंह तथा कुछ अन्य माननीय सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।)

**मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र खण्डूरी :** उपाध्यक्ष महोदय, इनमें जवाब सुनने की हिम्मत नहीं है, इसलिए भाग रहे हैं।â€¦( व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Nothing will go on record except the speech of hon. Minister.

*(Interruptions) **

**श्री राम विलास पासवान :** मैं सर इसलिए इस बात को रिकार्ड पर लाना चाहता हूं, वे रहे या नहीं रहे लेकिन उन्होंने जो प्रश्न उठाया है कि क्या इस योजना के लागू होने से प्रत्येक नागिरक से जुड़ी चीजें जैसे टेलीफोन, ई-मेल, फैक्स इत्यादि खुफियागिरी के दायरे में आ जायेंगे, उसका जवाब है - नहीं। क्योंकि वॉइस टेलीफोन की इजाजत उन्हें नहीं दी गई है और उसके ऊपर वी.एस.एन.एल. का नियम ही लागू होगा। उसके बाद इन्होंने डा. अरुणाचलम और डा. राजा रेड्डी के संबंध में कुछ बातें कही हैं, जो बातें इन्हें बोलनी नहीं चाहिए थीं। ये दोनों कोई मामूली व्यक्ति नहीं हैं। डा. अरुणाचलम भारत के रक्षा मंत्रालय के साइंटिफिक एड्वाइजर थे और एक-दो साल नहीं सात साल तक थे। कोई आदमी अंमरीका में बैठा हुआ, नेशनल इंटरेस्ट में काम करता हो और भारत के लिए सोचता हो, वहां की नई टैक्नोलोजी, आपके पास आ रही हो, वहां से लोग आयेंगे, वे भी सामान बेचेंगे और आपके पास में जितना ऑप्टीकल फाइबर बचा हुआ है, उसे बेचने का आप काम करेंगे। आपका मार्केट खुल रहा है। सारा का सारा रूल्स रेगुलेशंस, एक्ट आदि

* Not Recorded.

मेरे पास पूरी किताब है। आर्बीट्रेशन एक्ट से लेकर सारी चीजें भारत सरकार के नियम के मुताबिक लागू होने वाली हैं। इसमें नेशनल सिक्युरिटी का मामला कहां आता है। ये ज्वाइंट वैन्चर अभी बना भी नहीं है। तीन महीने का समय बरबाद हो गया है। इसलिए हम लोगों ने मन बनाया है और ज्वाइंट वैन्चर agreement का ड्राफ्ट बनाकर एक सप्ताह पहले लॉ मिनिस्ट्री के पास भेजा जा चुका है। उसके अप्रूवल के बाद डीटेल्ड फीजिबिलिटी और एस्टीमेट का अप्रूवल टेलीकोन कमीशन से लिया जायेगा और उसके बाद ज्वाइंट वैन्चर का एग्रीमैंट होगा। ज्वाइंट वैन्चर का एग्रीमैंट हस्ताक्षर होने के बाद सांख्यवाहिनी इंडिया लि. का रजिस्ट्रेशन कंपनी एक्ट के तहत किया जायेगा। अभी जैसा कि मैंने आपसे कहा कि जो आई.यू.नैट है, डी.टी.एस. और एम.आई.टी. और एजूकेशनल इंस्टीट्यूशंस हैं, वे इसमें शेयर होल्डर्स होंगे और कंपनी की टोटल लागत 1407 करोड़ होगा और अभी तक उसके इक्विटी शेयर कैपिटल 1000 करोड प्रस्तावित हैं। उनके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स आठ होंगे, उन आठ में से तीन यहां के होंगे, तीन आई.यू.नैट के होंगे और एक शिक्षण संस्थान का होगा।

उपाध्यक्ष महोदय, उसमें एक एक्सपर्ट भी होगा, जो उसका एम.डी. होगा। इसलिए मैं समझता हूं कि जिन माननीय सदस्यों ने सांख्य वाहिनी के संबंध में जो शंकाएं रैवेन्यू शेयरिंग के संबंध में उठाई हैं, उनमें कोई दम नहीं है और इस बात को देश की जनता समझ चुकी है।

उपाध्यक्ष जी, और भी बहुत सारे पाइंट्स थे, जिनका मैं जवाब देना चाहता था, लेकिन मैं कोशिश करूंगा कि जहां-जहां के माननीय सदस्य ने जिन-जिन लोकल मामलों को उठाया है, उनका जवाब उन्हें लिखकर देने का काम करूं, क्योंकि समय बहुत कम बचा है। एक माननीय सदस्य ने पोस्ट आफिस के सी.पी.एम.जी. का मामला उठाया, उन्हें बदल दिय गया है।। पटना के सी.जी.एम. का स्थानांतरण कर दिया गया है। मैं डिटेल में नहीं जाना चाहूंगा। जिन-जिन माननीय सदस्यों ने संचार मंत्रालय के बजट पर बहस में हिस्सा लिया है, मैं उन सबका धन्यवाद करना चाहता हूं।

संतोा मोहन देव जी, डा. लक्ष्मीनारायण पांडेय जी, रूप चन्द पाल जी एवं अन्य जितने भी लोग बोले, मैं सभी का आभारी हूं। मैं सबका नाम लेना चाहता हूं, लेकिन समय नहीं है। प्रभुनाथ सिंह जी ने जी.एम. के खिलाफ कहा और बताया कि एम.पी. का टेलीफोन नहीं लगता, ठेकेदारी प्रथा में धांधली है, टेंडरदाता और पदाधिकारी के बीच में साठगांठ है, केजुअल लेबर का सवाल उठाया, सुदूर इलाके में डाक से भेजी गई चिट्ठी मरने के सात साल बाद भी नहीं मिलती है, दूरदराज के इलाके में डाकघर की दूरी का मापदंड नहीं लिया जाना चाहिए, आदि अनेक बातों पर यहां चर्चा हुई।

मैं बताना चाहता हूं कि यह सारा मामला अकेले हमारे मंत्रालय का नहीं है। इसमें वित्त मंत्रालय शामिल है। सरकार का काम डाउन साइज करने का है। ...(व्यवधान) हमारे नागालैंड के साथी बोले, उन्होंने पदाधिकारी के संबंध में कहा था कि उन्हें वहां से दिल्ली बैठा दिया गया है। मैंने उसी समय बताया था और अब फिर दोहराना चाहता हूं कि पहले भले ही हटा दिया गया था, लेकिन हमने उनको वापस कर दिया है और उसके बाद उनका पदस्थापन भी नागालैंड में हो गया है। चूंकि हम जानते हैं कि नार्थ ईस्ट और उधमपुर का इलाका बहुत सैंसिटिव क्षेत्र है।

उपाध्यक्ष महोदय, उधमपुर में एस.एस.ए., टी.डी.एम. को बदलकर, पद को अपग्रेड कर के जी.एम. लगा दिया है। हमारे सुशील मोहिते जी ने भीकाजी कामा एरिया के संबंध में कहा कि 1500 लाइनें मार्च महीने से खराब हैं। हम कोशिश करेंगे कि किसी दिन एटरेंडम जाकर चैकिंग करें और जहां हम जाएंगे वहां जो भी अधिकारी या कर्मचारी गड़बड़ी करते पाए जाएंगे या अपने कर्तव्य में कोताही करते हुए पाए जाएंगे उनके खिला कड़ी कार्यवाई की जाएगी।

उपाध्यक्ष महोदय, रघुवंश प्रसाद जी चले गए। उन्होंने कहा था कि उनके एरिया में टेलीफोन एक्सचेंज ठीक प्रकार से काम नहीं करती हैं। मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि वहां उनकी सरकार है, वे उसे कहें कि बिहार की कानून-व्यवस्था की स्थिति ठीक करें ताकि हम टेलीफोन एक्सचेंज में रात में कर्मचारियों से काम करा सकें और वहां का माहौल ऐसा बन सके कि संचार विभाग के कर्मचारी दिन-रात टेलीफोन एक्सचेंजों में कार्यरत रह कर उन्हें चुस्त-दुरुस्त रख सकें।

हिमाचल प्रदेश के हमारे माननीय सांसद महेश्वर सिंह जी ने 'मार' टेलीफोन बदलने के बारे में कहा। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हम 'मार' को रिप्लेस करने जा रहे हैं। इस साल एक लाख 10 हजार को रिप्लेस करेंगे और अगले र्वा एक लाख को। इस प्रकार से दो साल में पूरे 'मार' टेलीफोन को रिप्लेस कर देंगे। उसके बाद केबल बिछाने के लिए खुदाई के बारे में कहा एवं डाकघरों के बारे में कहा, जिसका उत्तर मैंने पहले ही दे दिया।

उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमती वी. सरोजा देवी ने टेलीफोन के संबंध में कहा। सांसदों के कोटे को 50 से बढ़ाकर 100 करने की बात कही। अभी ये बैठे हुए थे, हमने स्पीकर साहब से आग्रह किया है कि 50 से बढाकर 100 कर दिया जाए, हमें उसमें कोई आपत्ति नहीं है। हमें अनुमति मिल जाएगी, तो हम वह कर देंगे, लेकिन उन्होंने इस बात को कहा कि स्पीकर का नाम लिए बगैर संख्या बढ़ा दी जाए, वह संख्या बढ़ा दी जाएगी। यदि सिर्फ मेरा ही उस घोाणा से संबंध हो, तो मुझे उसे करने में कोई आपत्ति नहीं है, कोई दिक्कत नहीं है, हम उसको करेंगे। एक माननीय सदस्य ने कहा कि मोबाइल फोन को फ्री कर दीजिए।

उसके लिए हमारे पास हमारे बॉस, माननीय संसदीय कार्य मंत्री बैठे हुए हैं, वे कह देंगे, तो हमें उसे करने में कोई ऐतराज नहीं है।

**संसदीय कार्य मंत्री (श्री प्रमोद महाजन):** पहले सब सांसदगण लिख कर दें कि मोबाइल टेलीफोन को सदन में नहीं लाएंगे।

**श्री राम विलास पासवान:** हां, ठीक बात है। यहां एक बात होती है, जब फायदा लेना होता है, तो सब सांसद ले लेते हैं और जब साधू बनने का सवाल आता है, तो कहते हैं हम तो साधू हैं और दूसरों के लिए कहते हैं कि यह तो इन्हीं लोगों का है। संसदीय कार्य मंत्री कहें, हमें करने में कोई दिक्कत नहीं है। हम लोग आज सरकार में हैं, कल तक हम लोग विरोध पक्ष में थे। फिर हम लोग जनप्रतिनिधि हैं, हम लोग जनता के दुखदर्द को समझते हैं।

जब हमने कहा कि 2000 ईसवी तक हम टेलीफोन देंगे तो एम.पी. टेलीफोन देता है, तो क्या बुरा करता है। इसलिए मैंने कहा कि हमको कोई आपत्ति नहीं है और मैंने स्पीकर साहब के नॉलेज में डाल दिया है। उस समय ये वहां बैठे हुए थे। मैंने उनसे कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है और हमको लगता है कि स्पीकर साहब को भी इसमें कोई आपत्ति नही है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** मुझे एक सुझाव आपको देना है।

â€¦( व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** संसद सदस्यों की काफी शिकायत मेरे पास आयी है। हाई कोर्ट ने ओवर बिलिंग और ऐरियर्स के बारे में जजमैंट भी दिया है।

â€¦( व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय** : इसमें मैम्बर का यह कहना है कि ओवर बिलिंग होने की वजह से वह सैटल नहीं हो पाया इसलिए बिल का पैमेंट नहीं हुआ। इसके साथ-साथ आप उसमें सरचार्ज भी लगाते हैं। ऐसा ही उनका कई साल तक चलता रहता है। मेरा एक सुझाव है, पार्लियामैंट्री अफेयर्स मिनिस्टर साहब भी यहां बैठे हैं, कि मैम्बर्स के टेलीफोन के बिलिंग का एक डिस्प्यूट सैंटर यहां बनाया जाये ।

**श्री राम विलास पासवान :** इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है। आपका जैसा निर्देश होगा, हम वैसा कर देंगे। हम चाहते हैं कि मैम्बर ऑफ पार्लियामैंट ही नहीं बल्कि जो भी आम नागरिक हो, उनको कोई शिकायत न हो। लेकिन मैम्बर ऑफ पार्लियामैंट के माथे पर बहुत बड़ी जवाबदेही रहती है। एक-एक मैम्बर ऑफ पार्लियामैंट को दो, तीन या चार लाख रुपये का टेलीफोन का बिल आता है। वह सही भी है।

**उपाध्यक्ष महोदय :** किसी को साढ़े चार लाख रुपये का बिल भी आया है।

**श्री राम विलास पासवान :** हमारे पास अधिकार नहीं है कि हम किसी का बिल माफ कर दें। हम ज्यादा से ज्यादा इतना ही कर सकते हैं कि हम उसकी ि वजिलेंस से या हॉयर आफिसर से जांच करा सकते हैं। यदि हमारे पास पावर रहती कि आप माफ कर दो â€¦( व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैं माफ करने की बात नहीं कह रहा हूं।

**श्री राम विलास पासवान :** इसलिए आपका जो सुझाव है कि उसका सैटलमैंट करने के लिए एक कमेटी बना दी जाये। â€¦( व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैने यह कहा है कि डिस्प्यूट सैटलमैंट के लिए एक काउंटर इधर खोला जाये।

**श्री राम विलास पासवान :** हम सचिवालय और स्पीकर साहब से बातचीत करेंगे और जो भी हमें निर्देश मिलेगा, उसके मुताबिक हम काम करेंगे।

**कुंवर अखिलेश सिंह:** मैं एक मिनट आपकी तव्वजो चाहूंगा। 100 किलोमीटर की दूरी तक को आप लोकल कॉल कर दीजिए। â€¦( व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** आपने जितना सुझाव दिया है, उनमें से जितनी चीज हमारे अंडर है जैसे आपने कहा कि 50 कनेक्शन की जगह 100 करो तो हमने कहा कि हमारी तरफ से है और वह हो भी जायेगा। इसमें स्पीकर साहब या किसी और को कोई दिक्कत नहीं है। जहां तक दस हजार का सेलुलर फोन मुफ्त करने की बात है, तो पार्लियामैंट्री अफेयर्स मिनिस्टर साहब यहां बैठे हैं, हमको इसमें कोई आपत्ति नहीं है, अगर ये हमको लिखकर भेज देंगे तो हम कर देंगे।

**कुंवर अखिलेश सिंह :** हमने कहा कि 100 किलोमीटर की दूरी को लोकल कॉल के लिए करें। â€¦( व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** यह क्या हो रहा है?

**श्री प्रभुनाथ सिंह :** प्रमोद जी, कुछ कहना चाहते हैं। â€¦( व्यवधान)

**श्री प्रमोद महाजन :** मैं कहना चाहता हूं कि इसको पूरा कर लें। â€¦( व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** यह कह रहे हैं कि पार्लियामैंट्री मिनिस्टर की हैसियत से कुछ कहेंगे तो तुरंत हां ना में होने लगेगा। कोई कहेगा कि हम लेंगे और कोई कहेगा कि हम नहीं लेंगे। मैं खाली नाम ले लेता हूं। श्री राम सागर जी ने बातचीत की। जम्मू-कश्मीर के हमारे साथी â€¦( व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** सभी मैम्बर्स ने पार्टीसिपेट किया हुआ है इसलिए आप समाप्त करें।

â€¦( व्यवधान)

**श्री राम विलास पासवान :** लक्ष्मण जी आदि मैम्बर्स का मैं नाम ले लेता हूं। श्री ब्रह्मनैया, रामदास आठवले, एस.एस. पलानीमनिक्कम, मणि शंकर अय्यर, ई. अहमद. पाण्डेय जी, आदि सब साथियों को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मैं जया बहन ठक्कर और सबसे ज्यादा धन्यवाद उमा जी को देता हूं।

â€¦( व्यवधान)

SHRI S.S. PALANIMANICKAM : What about MTNL, Chennai?

**श्री राम विलास पासवान :** मेरे पास दिल्ली और चेन्नई के एम.टी.एन.एल. का पूरा खाका है। चेन्नई का काम दिल्ली से अच्छा हो रहा है। That much I can say. इसलिए हर चीज में एम.टी.एन.एल. और वी.एस.एन.एल. मत चलाइये। हम काम के परफोर्मैंस को देखते हैं और चेन्नई की परफोर्मैंस, एज ए मिनिस्टर हमको नहीं कहना चाहिए कि it is better than MTNL, Delhi.

इन शब्दों के साथ मैं अपने सभी साथियों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

मुझे आशा है कि आप डिमांड्स को पास करने का कष्ट करेंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put all the cut motions.

...(*Interruptions*)

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** हमारे यहां जो पत्र-पत्रिकाएं हैं, जो भारत सरकार के यहां पंजीकृत हैं, उनको बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।â€¦( व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Rawat, he has already answered that. You are a senior Member. Please sit down.

...(*Interruptions*)

**प्रो. रासा सिंह रावत:**मंत्री महोदय, आपने कहा था कि मैं उत्तर दे दूंगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record now.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put all the cut motions to the vote of the House.

*The cut motions were put and negatived.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the Demands for Grants relating to the Ministry of Communications to vote.

The question is:

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the Fourth column of the Order Paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31$^{st}$ day of March, 2001, in respect of the heads of Demands entered in the Second column thereof against Demand Nos.11 to 13 relating to the Ministry of Communications."

*The motion was adopted.*

2053 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

*on Wednesday, April 26, 2000/Vaisakha 6, 1922 (Saka).*

------